वर्ष : 33 ➧ अंक : 343 ➧ पृष्ठ : 8 ➧ मुंबई, शुक्रवार, 28 फरवरी 2025 ➧ RNI: MAHHIN/49994/91 ➧ मूल्य : 3 रुपए ➧ epaper.dobajedopahar.com ➧ संपादक : अरुण लाल



रजनीकांत की 'कुली' में पूजा हेगड़े की एंट्री

▸ पेज - 7

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

इडली से हो सकता है कैंसर

▸ पेज - 8



# सरकार के 100 दिनों का रोडमैप तैयार

## 100 दिनों के कामकाज की समीक्षा को लेकर हुई अहम बैठक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में गुरुवार को सह्याद्री अतिथि गृह में राज्य सरकार के 100 दिनों के कामकाज की समीक्षा को लेकर अहम बैठक हुई। इस बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार भी मौजूद रहे। बैठक में सरकार के विकास कार्यों और विभागीय रिपोर्ट तैयार करने पर चर्चा की गई।

### • रिपोर्ट कार्ड जारी करने की तैयारी



### मंत्रियों के केबिन का इंतजार जारी

फडणवीस सरकार को तीन महीने होने जा रहे हैं, लेकिन अभी भी कई मंत्रियों के कार्यालय (केबिन) का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे और गृह राज्य मंत्री योगेश कदम के केबिन अभी भी तैयार नहीं हुए हैं, जिससे उन्हें अपने विभागों के कार्य निपटाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### 100 दिन पूरे होने पर मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड

फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद संभालते ही सभी मंत्रियों से अगले 100 दिनों के लिए कार्य योजना तैयार करने को कहा था। उन्होंने यह भी निर्देश दिया था कि मंत्री हफ्ते में कम से कम तीन दिन मंत्रालय में रहकर अपने विभागों के कामकाज की समीक्षा करें ताकि जनता के काम समय पर पूरे हो सकें। सूत्रों के अनुसार, अगले महीने सरकार के 100 दिन पूरे होने पर मुख्यमंत्री सभी मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड जारी कर सकते हैं।

### शिवसेना (शिंदे) के पांच मंत्रियों के निजी सचिवों की नियुक्ति रोकी गई

मुख्यमंत्री कार्यालय (CMO) ने भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते शिवसेना (शिंदे) गुट के पांच मंत्रियों के निजी सचिव और विशेष कार्य अधिकारी (OSD) की नियुक्ति पर रोक लगा दी है। इन मंत्रियों में उद्योग मंत्री उदय सामंत, पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई, जलापूर्ति मंत्री गुलाबराव पाटील और जल संरक्षण मंत्री संजय राठौड़ शामिल हैं। मुख्यमंत्री फडणवीस ने इन अधिकारियों की नियुक्ति को मंजूरी नहीं दी है, क्योंकि पिछली सरकार में इन पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप लगे थे। विपक्ष भी इस मुद्दे पर शिंदे गुट को घेर रहा है।

### अजित पवार गुट के दो मंत्रियों की नियुक्तियां भी रोकी गईं

शिंदे गुट के पांच मंत्रियों के अलावा, अजित पवार गुट के दो मंत्रियों के निजी सचिवों की नियुक्ति को भी मंजूरी नहीं दी गई है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने स्पष्ट किया कि केवल साफ-सुथरी छवि वाले अधिकारियों की लिस्ट भेजी जाए, ताकि सरकार की पारदर्शिता बनी रहे।



### सरकार ने पकड़ी रफ्तार : शिंदे

बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि सरकार पूरी रफ्तार में काम कर रही है और सभी विभागों में बेहतर समन्वय बनाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि जो कार्य पहले 15 दिनों में होते थे, वे अब 5 दिनों में पूरे हो रहे हैं, जिससे समय की बचत के साथ सरकारी कामकाज में तेजी आई है।

# महाराष्ट्र में चरणबद्ध तरीके से सस्ती होगी बिजली : मुख्यमंत्री फडणवीस



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की है कि महाराष्ट्र में अगले पांच वर्षों में चरणबद्ध तरीके से बिजली दरों में कमी लाई जाएगी। महावितरण ने 66,000 करोड़ रुपये की बिजली खरीदी लागत को कम करने के लिए प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग (एमईआरसी) को भेजा है। इससे वित्तीय वर्ष 2025-26 से राज्य में बिजली सस्ती होने की संभावना है।

### राज्य सरकार के ऊर्जा सुधार और योजनाएं

7.5 हार्सपावर (एचपी) तक के कृषि पंपों को मुफ्त बिजली दी जा रही है, जिससे 47 लाख किसानों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री सौर कृषि लाइन योजना 2.0 के तहत 16,000 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना शुरू की गई है। इस योजना से 100% सौर ऊर्जा से कृषि पंपों का संचालन संभव होगा, जिससे महावितरण की बिजली खरीद लागत घटेगी। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत 30 लाख घरों को सौर बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। उद्योगों पर क्रॉस-सब्सिडी हटाने और 52% नवीकरणीय ऊर्जा इस्तेमाल करने की योजना बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि राज्य में एआई तकनीक का अधिक उपयोग किया जा रहा है, जिससे बिजली आपूर्ति और प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

### बिजली क्षेत्र का घाटा कम करें महाराष्ट्र- नाईक

केंद्रीय ऊर्जा राज्यमंत्री नाईक ने कहा कि केंद्र सरकार नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए राज्यों को सहयोग करेगी। साल 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार पूरे देश में बिजली का उत्पादन और खर्च का 16.28 प्रतिशत घाटा है। इस घाटे को कम करने के लिए महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, गुजरात राज्य को कार्यक्षमता बढ़ाने की जरूरत है। नाईक ने कहा कि राज्यों को बिजली क्षेत्र में काम के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल करना चाहिए। सरकारी विभागों का बकाया बिजली बिल वसूलना चाहिए। स्मार्ट मीटर लगाकर नुकसान टालने का प्रयास करें। इस बीच नाईक ने बताया कि मंत्री समूह की तीसरी बैठक उत्तर प्रदेश में आयोजित होगी।

# पार्टी में नाराजगी दूर करने की कवायद

## • उद्धव ठाकरे ने उप नेताओं को दी जिम्मेदारी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

शिवसेना (उद्धव) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी में जारी असंतोष को दूर करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। उन्होंने राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में नाराज नेताओं और कार्यकर्ताओं की सूची मंगवाई है और उनकी समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी उप नेताओं को सौंपी है।



### कैसे होगी नाराजगी दूर?

उप नेता जिलाध्यक्षों और तहसील स्तर के पदाधिकारियों से मिलेंगे। चुनाव में निष्क्रिय रहे कार्यकर्ताओं की सूची तैयार होगी। जिन विधानसभा क्षेत्रों में भारी मतभेद थे, वहां के नेताओं की रिपोर्ट ठाकरे को सौंपी जाएगी। विवाद को स्थानीय स्तर पर सुलझाने की कोशिश होगी, अन्यथा ठाकरे स्वयं हस्तक्षेप करेंगे।

### उप नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारी

शिवसेना (उद्धव) के वरिष्ठ नेता के मुताबिक, विधानसभा चुनावों में पदाधिकारियों के बीच मतभेद के कारण पार्टी छोड़ने की घटनाएं बढ़ी हैं। इसे देखते हुए ठाकरे ने उप नेताओं को नाराज पदाधिकारियों से संवाद स्थापित करने का निर्देश दिया है। वे विधानसभा क्षेत्रों में जाकर कार्यकर्ताओं की शिकायतें सुनेंगे और समाधान निकालने की कोशिश करेंगे।

# एसटी बस स्टेशनों और डिपो की सुरक्षा होगी मजबूत, होगा ऑडिट

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पुणे में एसटी बस में हुई दुष्कर्म की घटना के बाद राज्य परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने एसटी बस स्टेशनों और डिपो की सुरक्षा ऑडिट कराने की घोषणा की है। राज्यभर में 580 बस स्टेशन और 251 डिपो हैं, जिनकी सुरक्षा बढ़ाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग किया जाएगा। गुरुवार को मंत्रालय में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर बैठक हुई, जिसमें मंत्री सरनाईक ने कई अहम फैसले लिए। 15,000 एसटी बसों में जीपीएस, पैनिक बटन और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। निजी ठेकेदारों की बसों में भी यह सुविधाएं अनिवार्य होंगी।



# राज्य के विश्वविद्यालयों में प्राध्यापकों की भर्ती को मंजूरी

## • नई चयन प्रक्रिया होगी पारदर्शी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

राज्य के गैर-कृषि विश्वविद्यालयों में प्राध्यापकों के रिक्त पदों पर भर्ती को मंजूरी दे दी गई है। उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटील ने गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि नई चयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति के मार्गदर्शन में असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के चयन के लिए स्कोरिंग प्रणाली निर्धारित की गई है। इसमें 80% अंक शैक्षणिक योग्यता, शोध और शिक्षा के लिए होंगे। 20% अंक इंटरव्यू प्रदर्शन के आधार पर दिए जाएंगे। 100 अंकों में से न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी ही अंतिम चयन के पात्र होंगे।



# खत्म हुआ कांता का खौफ, किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी | गड़चिरोली**

पुलिस द्वारा चलाएं जा रहे आत्मसमर्पण योजना से प्रभावित होकर डीवीसीएम सदस्य के साथ 1 दलम सदस्य सहित 2 कुख्यात नक्सलियों ने गुरुवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इन नक्सलियों पर सरकार द्वारा कुल 18 लाख रुपयों का इनाम रखा गया था। आत्मसमर्पण करने वालों में नक्सलियों के डीवीसीएम सप्लाय टीम की सदस्य भामरागड़ तहसील के गुंडजूर निवासी कांता उर्फ कांतक्का उर्फ मांडी गालु पल्लो (56) व भामरागड़ दलम सदस्य भामरागड़ तहसील के मिलदापल्ली निवासी सुरेश उर्फ वारलु ईरपा मज्जी (30) का समावेश है।




# बजट सत्र में सरकार को घेरेगा विपक्ष

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

राकांपा (शरद पवार गुट) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील ने कहा कि भले ही विधानसभा में विपक्ष के विधायकों की संख्या कम हो, लेकिन बजट सत्र के दौरान सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है और सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों के लिए वित्तीय प्रबंधन सही नहीं है।



### बजट सत्र में सरकार को कठघरे में खड़ा करेंगे : जयंत पाटील

जयंत पाटील ने कहा कि विपक्ष बजट सत्र के दौरान 'महायुति' सरकार की नीतियों और राज्य की आर्थिक स्थिति को लेकर सवाल खड़े करेगा। उन्होंने वित्त मंत्री अजित पवार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह 'लाडकी बहिन' योजना का पूरा खर्च नहीं दिखा पाएंगे। इस योजना के तहत 2.5 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाली महिलाओं को 1500 रुपये मासिक सहायता दी जाती है, लेकिन सरकार के पास इसके लिए पर्याप्त बजट नहीं है।

### सरकार पर गंभीर आरोप

पाटील ने महायुति सरकार को कई मुद्दों पर घेरा, जिसमें कानून-व्यवस्था, योजनाओं का क्रियान्वयन और किसानों की समस्याएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इन सभी मोर्चों पर विफल रही है। महाविकास आघाड़ी मार्च के पहले सप्ताह में बैठक कर विपक्ष के नेता पद पर अपना दावा पेश करेगी। फिलहाल विधानसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति नहीं हो पाई है, क्योंकि किसी भी विपक्षी दल के पास पर्याप्त संख्या बल नहीं है।

### 90 के दशक में सबसे कमजोर विपक्ष

नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों में महायुति को 230 सीटें मिली थीं, जिसमें भाजपा को 132, एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 57 और अजित पवार की राकांपा को 41 सीटें हासिल हुईं। वहीं, महा विकास आघाड़ी का प्रदर्शन कमजोर रहा, जिसमें शिवसेना (उद्धव) को 20, कांग्रेस को 16 और राकांपा (शरद) को 10 सीटें मिलीं। इस वजह से विधानसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति अब तक लंबित है। कांग्रेस इस पद पर अपना दावा ठोक रही है, लेकिन अंतिम निर्णय सरकार को लेना है। जयंत पाटील ने कहा कि 90 के दशक के बाद महाराष्ट्र में इस समय सबसे कमजोर विपक्ष है, लेकिन इसके बावजूद वे सरकार को जवाबदेह बनाने के लिए पूरी कोशिश करेंगे।



हिरासत में आरोपी की मौत का मामला

# हाईकोर्ट ने सत्र अदालत के आदेश पर जताई हैरानी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में दो नाबालिग बच्चियों के यौन शोषण मामले में आरोपी की हिरासत में मौत को लेकर सत्र अदालत के आदेश पर हैरानी जताई है। हाईकोर्ट ने सवाल उठाया कि जब मामला उच्च न्यायालय के संज्ञान में है, तो सत्र अदालत ने यह आदेश कैसे पारित कर दिया?



### हाईकोर्ट का रुख

हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार पर जिम्मेदारी है कि वह इस मामले को तार्किक निष्कर्ष तक ले जाए। कोर्ट ने सवाल उठाया कि क्या मजिस्ट्रेट की जांच रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज करने में आयोग और सीआईडी जांच कोई बाधा बन सकती है? अब इस मामले की अगली सुनवाई 5 मार्च को होगी, जिसमें न्याय मित्र मंजुला राव अपनी दलीलें रखेंगी।

### सत्र अदालत के आदेश पर उठे सवाल

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने आरोपी अक्षय शिंदे के पिता की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सत्र न्यायाधीश ने क्या अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर हस्तक्षेप किया है? यह न्यायिक अनौचित्य का सवाल है। पीठ ने आगे कहा कि क्या राज्य सरकार ने सत्र अदालत को सूचित नहीं किया कि यह मामला हाईकोर्ट में लंबित है? क्या राज्य सरकार सत्र अदालत के आदेश को चुनौती देने की योजना बना रही है? जब आरोपी शिंदे के माता-पिता ने कहा कि वे मामला आगे नहीं बढ़ाना चाहते, तो हाईकोर्ट ने वरिष्ठ वकील मंजुला राव को न्याय मित्र नियुक्त किया।

### क्या है पूरा मामला?

अगस्त 2024 में आरोपी अक्षय शिंदे को बदलापुर स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 23 सितंबर 2024 को पुलिस ने उसे तलोजा जेल से पूछताछ के लिए लाया, जहां कथित मुठभेड़ में उसकी मौत हो गई। पुलिस का दावा है कि शिंदे ने एक पुलिसकर्मी की बंदूक छीनकर फायर किया, जिसके बाद जवाबी गोलीबारी में वह मारा गया। हालांकि, मजिस्ट्रेट की जांच रिपोर्ट में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय शिंदे और अन्य पुलिसकर्मियों को अक्षय शिंदे की मौत का जिम्मेदार ठहराया गया और गोलीबारी को अनावश्यक बताया गया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि यह मुठभेड़ फर्जी हो सकती है।

# विधवा को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

डीबीडी संवाददाता । कल्याण

कल्याण कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन की हद में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक विधवा महिला को शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म करने वाले आरोपी को महज 12 घंटे में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राम नारायण गुप्ता के रूप में हुई है। पीड़िता और आरोपी जींस पैंट पैकिंग व्यवसाय में साझेदार थे। महिला के पति की मृत्यु के बाद राम नारायण गुप्ता ने उसे सहानुभूति और मीठी बातों से अपने जाल में फंसा लिया।

### छह साल तक करता रहा शोषण




राम नारायण गुप्ता ने शादी का झांसा देकर पिछले छह साल से पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब महिला ने शादी की जिद की, तो आरोपी टाल-मटोल करने लगा, उसे धमकाया और शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना दी।

### 12 घंटे में पुलिस ने किया गिरफ्तार

पीड़िता ने आखिरकार कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राम नारायण गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। कोलसेवाड़ी पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

डीबीडी संवाददाता । अंबरनाथ



सर्वोदय नगर परमार्थ सेवा संस्था द्वारा सर्वोदय नगर भार्गवी लॉन में बुधवार शाम भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया किया गया। स्वर्गीय पंडित गयाप्रसाद की याद में यह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि दिनेश बावरा (लाफ्टर फेमहास्य व्यंग्य), कवि डॉ.राज बुंदेली (वीर रस), कवि डॉ. लोकेश जड़ीया (हास्य), कवि पंडित महेंद्र मधुर (गीतकार) माधुरी किरण (श्रृंगार रस) पंडित जयप्रकाश मिश्र (मिलिंद) वरिष्ठ साहित्यकार, कवि शैलेश मिश्र हिमालयमंच संचालक कवि सुरेश मिश्र ने अपनी हास्य रचनाओं व कविता से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर श्रीराम मिश्र,प्रमुख सहयोगी शैलेश सालिक भोईर दादा (युवासेना कल्याण लोकसभा सचिव). विधायक बालाजी किनीकर, प्रमोद चौबे, अनिल पांडे. शशिधर शुक्ला,अनिल शुक्ला सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### भूमि अधिकार पत्र देने हेतु तहसीलदार ने मांगे ढाई लाख, मामला दर्ज

**रायगढ़।** राज्य के कोंकण संभाग में रायगढ़ जिले में पोलादपुर तहसील में स्थित जमीन का अधिकार पत्र देने के लिए तहसीलदार कपिल तुकाराम घोरपड़े ने शिकायतकर्ता से ढाई लाख रुपए रिश्वत मांगी थी। 18फरवरी 2025 को हुए इस मामले में रायगढ़ एंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वत मांगने का मामला दर्ज कराया है।ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा आज बताया गया है कि शिकायतकर्ता की भूमि के अधिकार पत्र प्राप्त करने के लिए उसने रायगढ़ में पोलादपुर तहसील कार्यालय में भूमि का अधिकारपत्र प्राप्त करने के लिए दावा पेश किया था।इसके बाद तहसीलदार कपिल ने 31जनवरी 2025को जमीन के अधिकार पत्र की प्रति देने के लिए तीन लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।इसकी शिकायत रायगढ़ एंटी करप्शन ब्यूरो में 3फरवरी को की गई थी।दूसरे दिन 4फरवरी 2025को ब्यूरो द्वारा इस मामले में छानबीन भी की गई थी।

# बुजुर्ग महिला से 4.75 लाख की चैन स्नैचिंग

### बाइक सवार लुटेरे फरार

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

शहर में चैन स्नैचिंग और लूटपाट की घटनाओं में तेजी से इजाफा हो रहा है। नागाव इलाके में मंगलवार सुबह 64 वर्षीय बुजुर्ग महिला से 4.75 लाख रुपये की दो सोने की चेन झपटकर बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। इस घटना ने स्नैचिंग गिरोह की बढ़ती सक्रियता को उजागर किया है। पुलिस के अनुसार, सुमनबाई अंबादास जुकर सुबह 9:15 बजे पैदल जा रही थीं, तभी तेज रफ्तार बाइक सवार उनके पास रुका। महिला कुछ समझ पातीं, इससे पहले ही लुटेरे ने 44 ग्राम वजन की दो सोने की चेन खींची और फरार हो गया।

### पुलिस जांच में जुटी, CCTV फुटेज खंगाल रही



घटना की जानकारी मिलते ही शांतिनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस CCTV फुटेज खंगाल रही है और संदिग्ध बाइक सवारों की तलाश जारी है। भिवंडी में चैन स्नैचिंग कोई नई बात नहीं, लेकिन हाल के दिनों में इन घटनाओं में अचानक वृद्धि हुई है। अपराधी बुजुर्ग महिलाओं और अकेले चलने वाले लोगों को निशाना बना रहे हैं, जिससे नागरिकों में दहशत का माहौल है।

### स्थानीय लोगों ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने, गश्त बढ़ाने और स्नैचिंग गैंग पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# महिला का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी

### शारीरिक संबंध की मांग, आरोपी पर केस दर्ज

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

कोनगांव पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक 37 वर्षीय महिला को ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाने की मांग करना एक युवक को भारी पड़ गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अफताब मोहम्मद कलमुद्दीन (24) के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ब्लैकमेल कर रहा था आरोपी



महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने पहले दोस्ती की, फिर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड कर लिए। इसके बाद उसने धमकी दी कि यदि उसकी मांग पूरी नहीं की गई, तो वह यह सामग्री सोशल मीडिया और पीड़िता के पति के व्हाट्सएप पर वायरल कर देगा।

### डराने-धमकाने का प्रयास

आरोपी ने महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और ब्लैकमेल करने के लिए उसकी निजी तस्वीरों का इस्तेमाल किया। इससे तंग आकर महिला ने कोनगांव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई।

### आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

कोनगांव पुलिस ने गु.र.नं. 210/2025 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 351(2), 74, 75, 77 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सहायक पुलिस निरीक्षक सुशील सकपाल मामले की जांच कर रहे हैं और पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# रेत माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई, दो नावें नष्ट

डीबीडी संवाददाता । ठाणे



मुंब्रा खाड़ी में अवैध रूप से रेत निकालने वाले माफियाओं के खिलाफ राजस्व विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान दो नावों को नष्ट कर करीब 15 लाख रुपये के सामान को जब्त किया गया। राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार दिनेश पैठणकर ने बताया कि इस अवैध गतिविधि से रेलवे पुल को भी खतरा होने की आशंका है। यही कारण है कि प्रशासन बार-बार कार्रवाई की चेतावनी दे रहा है।

### संयुक्त कार्रवाई की जरूरत

इस कार्रवाई के दौरान टीम को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, क्योंकि नावें रेलवे पुल के पास संचालित हो रही थीं। राजस्व विभाग ने अन्य विभागों से भी सख्त कदम उठाने की अपील की है ताकि इन माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके। अब देखना यह है कि रेलवे प्रशासन अपने ट्रैक की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाता है।

# 17 वर्षीय किशोर लापता

### अपहरण का मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

शहर में नाबालिग बच्चों के लापता होने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। धोबीतलाव इलाके में रहने वाला 17 वर्षीय किशोर मोहज्जम अजमईन शेख रहस्यमय तरीके से लापता हो गया है। परिजनों की शिकायत पर भोईवाड़ा पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला हुआ दर्ज




मोहज्जम के पिता अजमईन अली मोहम्मद शेख ने भोईवाड़ा पुलिस थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गुनाह रजि. क्र. 137/2025 भा. न्या. सं. की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उसके दोस्तों व रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है।

### बिना बताए घर से निकला, अब तक सुराग नहीं

मोहज्जम 23 फरवरी, रविवार की दोपहर अचानक घर से निकला और देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसे आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाशा, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। दोस्तों से पूछताछ के बाद भी कोई जानकारी हाथ नहीं लगी।

उल्हासनगर में हरी सब्जियां खाने वाले हो जाएं सावधान!

# गटर के गंदे पानी में धोई जा रही सब्जियां, वीडियो वायरल

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर खेमानी मार्केट से एक चौंकाने वाला वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक सब्जी विक्रेता गटर के गंदे पानी में हरी सब्जियां धोते हुए नजर आ रहा है। इस घटना से सब्जी विक्रेताओं की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं और नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। स्थानीय लोग उल्हासनगर मनपा के स्वास्थ्य विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### खेमानी स्थित भाजी मार्केट की है घटना



उल्हासनगर कैंप 2 के खेमानी इलाके में स्थित भाजी मार्केट के पास एक खुला नाला (गटर) बहता है। रिपोर्ट के अनुसार, सब्जी विक्रेता अपनी पत्तेदार सब्जियों को इसी गटर के पानी में धोते हैं और बाल्टी से गंदा पानी भरकर सब्जियों पर छिड़काव करते हैं, जिससे वे ताजा दिखें। इस गंदे पानी में मौजूद रोगाणु और अशुद्धता लोगों के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

### नागरिकों में बढ़ी चिंता, स्वास्थ्य विभाग से कार्रवाई की मांग

डॉक्टर जहां स्वस्थ रहने के लिए हरी सब्जियां खाने की सलाह देते हैं, वहीं गटर के पानी में धोई गई सब्जियां सेहत के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं। इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय नागरिकों ने उल्हासनगर मनपा के स्वास्थ्य विभाग से इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# केडीएमसी की बड़ी कार्रवाई

### 62 अवैध नल कनेक्शन बंद!

डीबीडी संवाददाता । कल्याण

महानगरपालिका आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड़ के निर्देश और शहर अभियंता अनिता परदेशी के मार्गदर्शन में कल्याण (पूर्व) में अवैध नल कनेक्शनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। दुर्गाडी किला से सर्वोदय सोसायटी के बीच तबेला धारकों द्वारा लिए गए अवैध नल कनेक्शनों को पुलिस बंदोबस्त के साथ बंद किया गया।

### 62 अवैध कनेक्शन किए गए बंद

इस कार्रवाई में 1/2" व्यास के 3 नल कनेक्शन, 1" व्यास के 26 नल कनेक्शन, 1 1/2" व्यास के 31 नल कनेक्शन और 2" व्यास के 2 नल कनेक्शन सहित कुल 62 अवैध कनेक्शन बंद किए गए।

### कार्रवाई में शामिल अधिकारी और कर्मचारी



इस कार्रवाई को कार्यकारी अभियंता अशोक घोडे, शैलेश मळेकर, तथा अ, ब, क, ड, जे व ह प्रभाग के उप अभियंता महेश डावरे, राजेश गोयल, किशोर भदाणे, उदय सूर्यवंशी, कनिष्ठ अभियंता देवेंद्र एकंडे, सुनिल वाळंज, मयूर शिंदे, दयाराम पाटील और पाणी पुरवठा विभाग के अन्य कर्मचारियों द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। केडीएमसी की इस कड़ी कार्रवाई से जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाने में मदद मिलेगी और अवैध नल कनेक्शनों पर प्रभावी रोक लगेगी।

# महाराष्ट्र परिचय केंद्र में मनाया गया मराठी भाषा गौरव दिवस

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र परिचय केंद्र में गुरुवार को 'मराठी भाषा गौरव दिवस' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक अमरज्योत कौर अरोड़ा समेत अन्य कर्मचारियों ने सुप्रसिद्ध साहित्यकार विष्णु वामन शिरवाडकर उर्फ 'कुसुमाग्रज' की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। महाराष्ट्र सरकार ने कुसुमाग्रज की जयंती को 'मराठी भाषा गौरव दिवस' के रूप में मान्यता दी है।

### सम्मान और पुरस्कार

1964 में गोवा में आयोजित अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रहे। 1974 में उनके प्रसिद्ध नाटक 'नटसम्राट' को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने मराठी भाषा के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया।



### कुसुमाग्रज: मराठी साहित्य के स्तंभ

कुसुमाग्रज ने महाराष्ट्र के साहित्यिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे आधुनिक मराठी के महान कवि, नाटककार और उपन्यासकार थे। 'कुसुमाग्रज' नाम से उन्होंने कई प्रसिद्ध कविताएं लिखीं। वे वी.एस. खांडेकर के बाद ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने वाले दूसरे मराठी साहित्यकार बने।

मर्सिडीज बयान पर गरमाई राजनीति

# नितेश राणे का उद्धव ठाकरे पर हमला

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



शिवसेना (शिंदे) नेता और विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोर्हे के मर्सिडीज बयान के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल मच गई है। अब भाजपा नेता एवं मत्स्य एवं बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने इस मुद्दे पर शिवसेना (उद्धव) पर तीखा हमला बोला है। नितेश राणे ने कहा कि नीलम गोर्हे के आरोपों की सच्चाई किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना (शिंदे) प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कई बार उद्धव ठाकरे के निजी खर्चों को वहन किया, लेकिन इस पर कभी चर्चा नहीं की गई।

### मातोश्री पर भेजे जाते थे महंगे गिफ्ट

राणे ने आगे कहा कि जब भी कोई शिवसेना नेता ठाकरे से मिलने जाता था, तो साड़ियों, महंगे परफ्यूम और पेट्रोल भरवाने तक का खर्च उन्हीं नेताओं पर पड़ता था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कीमती सामान नियमित रूप से मातोश्री भेजा जाता था और ठाकरे परिवार इसका उपयोग करता था।

### क्या है मर्सिडीज मामला?

नीलम गोर्हे ने हाल ही में दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन में दावा किया था कि शिवसेना (अविभाजित) में एक पद पाने के लिए दो मर्सिडीज देनी पड़ती थी। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक भूचाल आ गया। उद्धव गुट ने इस पर पलटवार करते हुए तंज कसा कि अगर गोर्हे को ठाकरे ने चार बार विधायक बनाया था, तो उन्होंने आठ मर्सिडीज भेजी होंगी।

### गोर्हे की सफाई का इंतजार

अब तक नीलम गोर्हे ने अपने बयान पर कोई सफाई नहीं दी है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक, वह जल्द ही इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट कर सकती हैं। इस बयान को लेकर शिवसेना (उद्धव) और शिंदे गुट के बीच टकराव और तेज होने के आसार हैं।

# शिंदे सरकार पर भ्रष्टाचार का नया आरोप

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के अधिकारियों पर रिश्वत मांगने के आरोपों के बाद अब शिंदे सरकार के कार्यकाल में एक और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। यह मामला सरकारी गोदामों में अनाज रखने के लिए लकड़ी के स्टैंड (डैनेज पैलेट) की खरीद से जुड़ा है। 21 जून 2024 को राज्य सरकार ने गोंदिया की श्री बालाजी एंड कंपनी जनरल मटेरियल सप्लायर को राज्यभर के सरकारी गोदामों में डैनेज पैलेट लगाने का ठेका दिया था। इसके बाद तत्कालीन सांसद कृपाल तुमाने ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर इस ठेके में भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। शिंदे ने इस शिकायत पर तत्कालीन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को जांच के आदेश दिए थे, लेकिन भुजबल ने एक साल तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। अब कांग्रेस विधायक नाना पटोले और लोक जागृति मंच के देवानंद पवार की शिकायत पर मौजूदा मंत्री धनंजय मुंडे ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाकर जांच शुरू कर दी है।

# बालासाहेब भवन पर हंगामा

**मुंबई।** महाराष्ट्र की सियासत में संजय राउत अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाते हैं। लेकिन अब महायुति सरकार में शामिल शिवसेना (शिंदे गुट) की महिला अघाड़ी ने संजय राउत के खिलाफ 'जूते मारो' आंदोलन छेड़ दिया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने हाल ही में शिंदे गुट की नेता और महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोर्हे को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसके विरोध में शिवसेना महिला मोर्चा ने बालासाहेब भवन में एकजुट होकर राउत के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने संजय राउत की तस्वीर पर जूते मारकर विरोध जताया। शिवसेना उपनेत्री शीतल म्हात्रे ने कहा कि राउत को अपनी भाषा पर संयम रखना चाहिए। म्हात्रे ने चेतावनी दी कि अगली बार सिर्फ तस्वीर नहीं, बल्कि उनके मुंह पर चप्पल मारी जाएगी।



पुणे दुष्कर्म कांड

# पुलिस ने आरोपी की तलाश में लगाए ड्रोन और खोजी कुत्ते

## पुलिस ने रखा एक लाख का इनाम

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के सबसे व्यस्त बस जंक्शन स्वारगेट पर खड़ी बस में 26 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद पूरे राज्य आक्रोश देखने को मिल रहा है। आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से फरार है। विपक्ष में राज्य सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दुष्कर्म का आरोपी दत्तात्रेय रामदास गाड़े (37) अब भी फरार है। आरोपी की तलाश में पुणे पुलिस की 13 टीमें जुटी हैं। गुरुवार को उसका गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस की टीमों ने खोजी कुत्तों और ड्रोन की मदद से उसके गांव में गन्ने के खेतों को भी खंगाला। इस बीच, पुणे पुलिस ने के ऊपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है।



### पुलिस की 13 टीमें गठित

पुणे के पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने बताया कि दत्तात्रेय की तलाश के लिए पुलिस की 13 टीमें गठित की गई हैं। आरोपी दत्तात्रेय शिरूर के गुनाटा गांव का रहने वाला है। भारी पुलिस बल उसके गांव में तैनात किया गया है। डॉग स्क्वॉड की टीम ने उसके गांव में गन्ने के खेतों में सर्च ऑपरेशन चलाया। 25 फरवरी की सुबह करीब 5.45 बजे दत्तात्रेय ने स्वारगेट बस अड्डे के अंदर खड़ी राज्य परिवहन की बस में 26 साल की महिला के साथ दुष्कर्म किया था। मेडिकल क्षेत्र में काम करने वाली महिला सतारा जाने वाली बस का इंतजार कर रही थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार है। पुलिस कमिश्नर अमितेश के मुताबिक, दत्तात्रेय एक हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ पुणे और अहिल्यानगर जिले में डकैती, चोरी, चेन छीनने के कई मामले दर्ज हैं। वह 2019 से एक मामले में जमानत पर है। अधिकारी ने कहा कि पुणे शहर में पुलिस ने गाडे के मित्रों, रिश्तेदारों और परिचितों सहित कई लोगों से पूछताछ की है।

### जिले के संरक्षक मंत्री शिरसाट ने किया दौरा

छत्रपति संभाजीनगर स्थित बस अड्डे के औचक दौरे के बारे में इस जिले के संरक्षक मंत्री शिरसाट ने कहा कि पुणे की घटना सामने आने के बाद उन्होंने यहां दौरा किया। उन्होंने कहा, मेरे शहर की स्थिति की जांच करना मेरा कर्तव्य है। मैंने पाया कि यहां कोई पुलिसकर्मी नहीं था और उनके पास बैठने के लिए भी जगह नहीं है। यह एक चौकी है तो यहां कम से कम दो पुलिसकर्मियों की तैनाती तो की ही जानी चाहिए।

### आरोपी को दिलाएंगे मृत्युदंड: शिंदे

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घटना की निंदा करते हुए कहा, मैंने पुणे पुलिस आयुक्त से बात की है। दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि आरोपी को मृत्युदंड मिले। इस घटना के बाद स्वारगेट डिपो में तैनात सुरक्षा गार्डों को बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने पुणे दुष्कर्म की तुलना 2012 में दिल्ली में हुए निर्भया कांड से की और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा।

### जांच में देरी के आरोपों से सरकार का इनकार

महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश रामदास कदम ने कहा कि पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जांच में देरी के आरोपों को करते हुए मंत्री ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी थी। वहीं, परिवहन मंत्री प्रताप सारनाइक ने स्वारगेट बस डीपो के सहायक परिवहन अधीक्षक और मैनेजर के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश दिए हैं। जांच में अगर परिवहन अधिकारी दोषी पाए गए तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# जोगेश्वरी से गोवा तक पुलिस का जबरदस्त एक्शन

## 1195 बोतल कोडीन युक्त कफ सिरप के साथ आरोपी गिरफ्तार



संदीप कसालकर | मुंबई

मुंबई के मेघवाड़ी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 1195 बोतल कोडीन युक्त कफ सिरप जब्त किया है। यह मामला जोगेश्वरी के प्रेम नगर इलाके में सामने आया, जहां मुख्य आरोपी शमशाद शेख पुलिस को देखकर फरार हो गया। हालांकि, पुलिस ने उसका पीछा करते हुए उसे गोवा से गिरफ्तार कर लिया।

### गुप्त सूचना पर छापा और बरामदगी

गुप्त सूचना के आधार पर मेघवाड़ी पुलिस ने अमीर खान की चाल, प्रेम नगर में छापा मारा। पुलिस को देखते ही शमशाद शेख खिड़की से कूदकर भाग निकला, लेकिन उसके घर की तलाशी के दौरान 1195 बोतल कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद हुआ। जब्त की गई दवाइयों की अनुमानित कीमत 5.97 लाख रुपये बताई जा रही है।

### गोवा में फरारी और गिरफ्तारी

आरोपी के फरार होने के बाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसका पीछा किया और आखिरकार गोवा में उसे गिरफ्तार कर लिया।
इस बड़ी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संभाजी जाधव, पुलिस निरीक्षक कानडे, सहायक पुलिस निरीक्षक वाघ, पुलिस उपनिरीक्षक भोसले, गुसिंगे, पुलिस हवलदार दत्ता माने, घोडके, जाधव, पुलिस सिपाही बागुल, बाविस्कर, सैदाने, औंध, माने, गावडे शामिल रहे।

26/11 आतंकवादी हमला

# हाईकोर्ट पहुंचा मुंबई हमले से बरी व्यक्ति

## पुलिस मंजूरी प्रमाणपत्र के लिए दायर की याचिका

**मुंबई।** मुंबई के 26/11 आतंकवादी हमले के मामले में बरी हो चुके फहीम अंसारी ने आजीविका के लिए ऑटोरिक्शा चलाने के लिए 'पुलिस मंजूरी प्रमाणपत्र' (क्लियरेंस सर्टिफिकेट) की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एक विशेष अदालत ने मई 2010 में पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब को दोषी ठहराया था और सबूतों की कमी के कारण फहीम अंसारी और सबाउद्दीन अहमद को बरी कर दिया था।



### फहीम और सबाउद्दीन पर था साजिश में शामिल होने का आरोप

इन दोनों पर साजिश में शामिल होने का आरोप था। आरोप था कि फहीम और अहमद आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयाब की मदद कर रहे थे, जिसने 26 नवंबर 2008 को हमले किए। इस हमले में 166 लोग मारे गए थे और सैकड़ों लोग घायल हुए थे। सुप्रीम कोर्ट और बॉम्बे हाईकोर्ट ने बाद में दोनों को बरी कर दिया। हालांकि, अंसारी को उत्तर प्रदेश के एक अन्य मामले में दोषी ठहराया गया और 10 साल की सजा सुनाई गई।

### फहीम अंसारी ने अपनी याचिका में क्या कहा

अंसारी ने पिछले महीने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की, जिसमें उन्होंने कहा कि उसे अपनी आजीविका के लिए ऑटोरिक्शा चलाने के लिए पुलिस से मंजूरी प्रमाणपत्र की आवश्यकता है। याचिका में अंसारी ने बताया कि अधिकारियों ने उन्हें प्रमाणपत्र देने से इनकार कर दिया क्योंकि उन पर एक आतंकवादी संगठन का सदस्य होने का आरोप था। अंसारी ने अपनी याचिका में इसको मनमाना, अवैध और भेदभावपूर्ण बताया और कहा कहा कि यह उनके आजीविका के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया, याचिकाकर्ता (अंसारी) को बिना किसी कानूनी बाधा के लाभकारी रोजगार में शामिल होने का अधिकार है। याचिका में यह भी कहा गया कि सिर्फ इसलिए कि अंसारी पर 26/11 आतंकवादी हमले के मामले में मुकदमा चला था, यह उन्हें रोजगार के अवसरों से वंचित नहीं कर सकता, खासकर जब उन्हें सभी अदालतों ने बरी कर दिया है। अंसारी ने अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की कि उन्हें पुलिस मंजूरी प्रमाणपत्र जारी किया जाए।

# अमेरिका में मौत से जूझ रही महाराष्ट्र की बेटी

## माता-पिता को नहीं मिल सका मेडिकल इमरजेंसी वीजा

**मुंबई।** अमेरिका में एक भारतीय छात्रा नीलम शिंदे के साथ एक दुखद सड़क हादसा हुआ है। 14 फरवरी को हुए एक हादसे के बाद से वह कोमा में हैं। उनके पिता तानाजी शिंदे को उनके पास जाने के लिए वीजा मिलने में दिक्कत आ रही थी। इस मामले में विदेश मंत्रालय (MEA) के अमेरिकी विभाग के हस्तक्षेप के बाद अब शुक्रवार सुबह 9 बजे उनके पिता का आपातकालीन वीजा इंटरव्यू निर्धारित किया गया है। नीलम शिंदे कैलिफ़ोर्निया के एक अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत गंभीर है।



### सुप्रिया सुले ने उठाया मामला

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) की सांसद सुप्रिया सुले ने इस मामले को उठाया और विदेश मंत्री एस जयशंकर से वीजा प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर को टैग करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। सुले ने बताया कि यह एक गंभीर मामला है।

### क्या है मामला?

दरअसल महाराष्ट्र के सतारा जिले के कराड तालुका के वडगांव (उम्ब्रज) की रहने वाली नीलम शिंदे मास्टर ऑफ साइंस की अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। वह 14 फरवरी को एक चार पहिया वाहन की चपेट में आ गईं थीं। इस हादसे में उन्हें कई फ्रेक्चर हुए हैं और उनके सीने और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। अस्पताल ने उनके परिवार से ब्रेन सर्जरी के लिए तुरंत सहमति मांगी थी। 16 फरवरी को हादसे की खबर मिलने के बाद से ही उनका परिवार वीजा के लिए संघर्ष कर रहा था। नीलम के पिता तानाजी शिंदे ने बताया कि हमें 16 फरवरी को हादसे के बारे में पता चला और तब से हम वीजा के लिए कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हमें अभी तक वीजा नहीं मिला है। परिवार केंद्र सरकार से मदद की गुहार लगा रहा था।

### मुंबई में अमेरिकी दूतावास से भी संपर्क किया

केंद्र सरकार के साथ राजनीतिक मतभेदों के बावजूद सुले ने विदेश मंत्री जयशंकर की त्वरित प्रतिक्रिया और विदेशों में भारतीयों के लिए MEA के निरंतर समर्थन की सराहना की। उन्होंने कहा कि MEA के साथ मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा है। वे हमेशा मदद के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने मुंबई में अमेरिकी दूतावास से भी संपर्क किया है।

## शिंदे की पार्टी में शामिल हुए शिवसेना यूबीटी के पूर्व विधायक मिनचेकर

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व विधायक सुहास मिनचेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। कोल्हापुर के रहने वाले मिनचेकर पंद्रह दिनों के भीतर शिवसेना (यूबीटी) से शिंदे गुट में जाने वाले तीसरे नेता हैं। इससे पहले 15 फरवरी को शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व विधायक राजन साल्वी भी शिंदे गुट में शामिल हुए थे। राजापुर से तीन बार विधायक रह चुके साल्वी नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में शिवसेना के किरण सामंत से हार गए थे।इसके अलावा, इस महीने ही पूर्व विधायक सुभाष बाने भी शिवसेना में शामिल हुए। बाने पहले नारायण राणे के साथ बगावत कर कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए।

**पश्चिम रेलवे**

**ट्रैक आधारित इलेक्ट्रॉनिक रेल लुब्रिकेटर की स्थापना और संचालन**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008, **ई-टेंडर सूचना संख्या: बीसीटी/24-25/293 दिनांक 25/02/2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थान:** उकाई सोनगढ़-जलगांव खंड-उकाई सोनगढ़ से जलगांव के बीच ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (इलेक्ट्रॉनिक प्रकार और 1 किमी तक कैरी डाउन प्रभाव) की आपूर्ति, स्थापना कमीशनिंग और संचालन (5 वर्ष)। **कार्य की अनुमानित लागत:**5,25,24,985.20 **ईएमडी:** 4,12,600/- **प्रस्तुत करने की तिथि और समय:** 21.03.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 21.03.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। मैन्युअल ऑफ़र पर विचार नहीं किया जाएगा। 1129

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**पुल के ऊपर ओएचई मस्तूल के प्रावधान के लिए साइड पाथवे का संशोधन**

उप मुख्य अभियंता (पुल-लाइन)-दादर, पश्चिमी रेलवे **ई-निविदा संख्या: DYCE-BR-DDR-2025-04 आमंत्रित करता है। कार्य का नाम:**विरार-सूरत खंड में ADEN/B/BL के अंतर्गत 160 किमी प्रति घंटे की गति बढ़ाने के संबंध में पुल के ऊपर ओएचई मस्तूल के प्रावधान के लिए साइड पाथवे का संशोधन। **कार्य की अनुमानित लागत:** 83,51,715.49 **ईएमडी:**1,67,000/- **ई-निविदा प्रस्तुत करने और ई-निविदा खोलने की तिथि और समय:** ऑनलाइन निविदा 25.03.2025 को 15:00 बजे से पहले प्रस्तुत की जानी है, और उसी तिथि 25.03.2025 को 15:30 बजे खोली जानी है। वेबसाइट विवरण और स्थान के लिए सूचना जहाँ पूर्ण विवरण आदि देखा जा सकता है : **वेबसाइट @www.ireps.gov.in.** 1126

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**सोलापुर मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.:- सोला/क.वि./नि/2025/02R कार्य का नाम:** निम्नलिखित के संबंध मे विदयुत टीआरडी का कार्य **1)** सोलापुर – वाडी-सीटीआर (पी)-14.279 टीकेएम, टीआरआर(पी) – 7.305 टीकेएम और टीएसआर(पी) - 39.250 टीकेएम **2)** दौंड - वाडी-सीटीआर (एस/पी) – 0.999 टीकेएम और टीआरआर (एस) – 18.165 टीकेएम। (पुनर्निविदा) **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 67,01,197.76/- **बयाना राशि:** रु. 1,34,000/- **कार्य पुरा करने की अवधि:** 12 माह **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दि. 26/03/2025 को 15.00 बजे। ANJ-39

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक - प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल डिवीजन, पश्चिम रेलवे मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल - 400 008**

**कार्य - मुंबई डिवीजन में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करना।**

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारम्भ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM24-33 | 11-03-25, 14:00:00 |

| क्र. सं. | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-VAPI-PrKiosk -51-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं-प्रचार कियोस्क) | 3 वर्ष की अवधि के लिए वीएपीआई स्टेशन पर प्रचार कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए ई-नीलामी। | 1096 | 11-03-25, 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-BL-PrKiosk-49-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं-प्रचार कियोस्क) | 3 वर्ष की अवधि के लिए वलसाड (बीएल) स्टेशन पर प्रचार कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए ई-नीलामी। | 1096 | 11-03-25, 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-DDR-BCA-52-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ-विज्ञापन के साथ बैटरी चालित गाड़ियाँ) | दादर (DDR) स्टेशन पर 3 (तीन) बैटरी चालित गाड़ियों (BOC) की आपूर्ति, संचालन और रखरखाव के कार्य के लिए ई-नीलामी, साथ ही ऑपरेटर और BOC के बॉडी पर विज्ञापन प्रदर्शित करने की अनुमति। | 1826 | 11-03-25, 14:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-NSP-MedStn-46-24-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाएँ) | नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के माध्यम से 5 वर्ष की अवधि के लिए चौबीसों घंटे चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करना। | 1826 | 11-03-25, 15:00:00 |

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारम्भ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-24-80 | 11-03-25, 15:00:00 |

| क्र. सं. | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-CCG-OH-394-25-1 (विज्ञापन-घर से बाहर) | चर्चगेट स्टेशन पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए थोक विज्ञापन अधिकार, प्लेटफार्म नंबर 1 पिलर दीवारों के पश्चिम की ओर, सड़क की ओर मुख करके। | 730 | 11-03-25, 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-MEL-OSD-355-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)) | स्टेशन भवन पर मरीन लाइन्स (MEL) में एलईडी स्क्रीन के लिए 5 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1826 | 11-03-25, 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-MMCT-OSD-395-25-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (डिजिटल)) | मुंबई सेंट्रल (मुख्य) स्टेशन पर 5 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1826 | 11-03-25, 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-ADH-OSN-392-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | अंधेरी (ADH) स्टेशन पर 3 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म पर थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 11-03-25, 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-ADH-OSN-393-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल) | 3 वर्ष की अवधि के लिए फुट ओवर ब्रिज और सीढ़ी लैंडिंग पर अंधेरी (ADH) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 11-03-25, 16:10:00 |

**नोट:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल पर जाएँ। वहाँ उल्लिखित कैटलॉग के अंतर्गत लॉट के अनुसार विवरण उपलब्ध हैं। **1124**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**निविदा हेतु अनुरोध - MRVC/W/128-A**

**(एक लिफाफा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा प्रक्रिया)**

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेट लि., कॉर्पोरेट कार्यालय, दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन भवन, मुंबई-400020 द्वारा, **" एमयूटीपी-III के अंतर्गत VR-DRD सेक्शन के बीच रिले हट्स, आरआरआई, ओसी और ईआई के लिए एयर कंडीशनर की खरीद (डिजाइन, विनिर्माण, आपूर्ति, बहु लोडिंग/अनलोडिंग, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और वारंटी अवधि के दौरान रखरखाव)।"** हेतु ई--निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के विवरण तथा निविदा दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **https://www.eprocure.gov.in/eprocure/app** पर उपलब्ध हैं। वेबसाइट **https://www.eprocure.gov.in/eprocure/app** पर परिपूर्ण ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **03.04.2025, दोपहर 12.30 बजे तक है। शुद्धिपत्र, यदि कोई है, केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा।**

**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई**

SRA/JTR/OW/२०२५/२७८९
सहकार कक्ष, झो.पु.प्रा. दिनांक : २७/०२/२०२५

**-: ऑनलाईन सोडत पध्दतीने सदनिका वाटपाची सुचना :-**

मुलुंड गवणीपाडा गायत्री एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था, मुलुंड गवणीपाडा ईशछाया एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था व मुलुंड गवणीपाडा श्रीकृपा एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था, टी.जी. ३१/२/९, गवणीपाडा, नाहुर रोड, मुलुंड (प), मुंबई - ४०० ०८० या नोंदणीकृत संस्थेच्या पुनर्वसन इमारतीमधील निवासी सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वितरण करण्यासाठी प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १६२ नुसार मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था, (पूर्व व पश्चिम उपनगरे), झोपुप्रा, बृहन्मुंबई यांचेकडील दि. १०/०४/२०२४ रोजीचे पत्रान्वये माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियुक्ती करण्यात आलेली आहे.
सदर संस्थेच्या पुनर्वसन इमारतीमधील निवासी सदनिकांचे सोडत ऑनलाईन पध्दतीने वितरण **दि. ०६/०३/२०२५ रोजी, दुपारी १२.०० वाजता, स्थळ प्राधिकरणाच्या कार्यालयात ऑनलाईन पध्दतीने झुम एप्प (Zoom App)** वर आयोजित केलेली आहे.

**-: सभेचा विषय :-**

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाचे परिपत्रक क्र. १६२/दि. २३.१०.२०१५ नुसार ऑनलाईन झूम ॲप (Zoom App) वर सोडत पध्दतीने पुनर्वसन योजनेच्या इमारतीमधील एकुण १७ निवासी सदनिकांचे वाटप करणे.
झुम एप्प (Zoom App) वरील लिंक: https://us04web.zoom.us/j/89949513782

Meeting ID: 89949513782
Passcode: 123456
ठिकाण : मुंबई.
**दिनांक : २७/०२/२०२५.**

सही/-
**(अरविंद जे.कांबळे)**
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी, (श्रेणी-2), झोपुप्रा, बृहन्मुंबई

टिप :
१) सोडतीसाठी पात्र (पती/पत्नी) झोपडीधारकांनीच ऑनलाईन लॉटरी मध्ये विहीत वेळेत व तारखेस सहभागी व्हावेत.
२) सोडतीच्या वेळी ज्या झोपडीधारकांचे नाव परिशिष्ट-२ मध्ये पात्र आहेत अशा व्यक्ती अंध, अपंग, विधवा महिला कुटुंब प्रमुख यांनी पुनर्वसन इमारतीमधील खालच्या मजल्यावरील सदनिका हवी असल्यास दि. ०५/०३/२०२५ रोजी पर्यंत लेखी पत्राने मागणी केल्यास परिपत्रकातील तरतूदीनुसार सदनिका वाटप करण्यात येईल. सदर गटातील व्यक्तींनी ई-मेल आयडीवर शासनमान्य अंध, अपंग याबाबतचा पुरावा सादर करणे आवश्यक आहे. तसेच विधवा झोपडीधारकांनी पतीचा मृत्यू दाखला सदर अर्जासोबत सादर करणे आवश्यक आहे.

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज संख्या | 2025_MCGM_1155012_1 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगर पालिका |
| विषय | ई-निविदा एचवीएसी चिलर प्लांट के संचालन के लिए सेवाएं प्रदान करने और इंजीनियरिंग हब, वर्ली में स्थापित इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल/लैन उपकरणों और सिस्टम के संचालन और रखरखाव के कार्य के लिए चार महीने के लिए (19.03.2025 से 18.07.2025)। |
| ई-टेंडर की लागत (अनुमानित लागत) | टेंडर की वस्तु दर |
| जांच शुल्क | रु. 3,900.00/- (रु. 3,300.00/- +18% जीएसटी) |
| बोली सुरक्षा जमा/ईएमडी | रु. 16,100.00 |
| टेंडर जारी करने की तिथि (आरंभ तिथि) | 28.02.2025 11:00 बजे |
| टेंडर की बिक्री की अंतिम तिथि और समय | 08.03.2025 16:00 बजे |
| पैकेट ए, बी और सी (ऑनलाइन) जमा करना | 08.03.2025 16:00 बजे |
| पैकेट खोलना - ए | एन.ए. |
| पैकेट खोलना - बी | 10.03.2025 16:00 बजे |
| पैकेट खोलना - सी | 12.03.2025 13:00 बजे |
| संपर्क के लिए पता | कार्यालयः- कार्यकारी अभियंता (मुख्यालय) भूतल, बीएमसी मुख्य भवन फोर्ट, मुंबई-400 001 |
| बोली खोलने का स्थान | कार्यालय में ऑनलाइन, कार्यकारी अभियंता (मुख्यालय) भूतल, बीएमसी मुख्य भवन फोर्ट, मुंबई-400 001 |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।
बीएमसी बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या किसी या सभी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (मुख्यालय)

पीआरओ/2652/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

# सेहत का पर्व

जब कहा जाता है कि भारत पर्व व त्योहारों का देश है, तो उसकी ठोस वजह है। जब मौसम व प्रकृति अपना रूप बदल रहे होते हैं तो इनके संधिकाल पर ये पर्व-त्योहार दस्तक देते हैं। हमें सचेत कर रहे होते हैं कि बदलते मौसम के अनुरूप अपना खान-पान, रहन-सहन और विचार-वाणी बदलिए। अध्यात्म हमें वास्तव में मानवीय बनने की प्रेरणा देता है ताकि हम आत्मकेंद्रित होने के बजाय प्रकृति, समाज, कुदरत की रचनाओं, वंचितों व जरूरतमंदों की भी फिक्र करें। शिवमय हुए देश में पर्व के मर्म को महसूस किया जा सकता है। सूर्योदय के साथ दैनिक कर्मों से निवृत्त लोग आस्थास्थलों की तरफ उमड़ते देखे जाते हैं। सूर्य के उगने से पहले उठना अपने आप में सेहत की कुंजी है। शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें हममें धैर्य भर देती हैं, जो बताता है कि यदि हम नियम व कायदे के अनुरूप अपनी आस्था की अभिव्यक्ति करें तो तीर्थस्थल भगदड़ की त्रासदियों से सदा-सदा के लिए मुक्त हो सकते हैं। दरअसल, चाहे हमारे तीर्थ हों या देवालय, हमारे पूर्वजों ने उन्हें प्रकृति की सुषमा और जल स्रोतों के करीब बनाया है। जहां हम दैनिक जीवन की एकरसता से मुक्त होकर प्रकृति के सान्निध्य में सुकून महसूस कर सकें। हमारे बड़े तीर्थों के दुर्गम व पहाड़ी इलाकों में स्थित होने का अर्थ भी यही है कि हम शरीर को गतिशील बनाएं। हम पसीना बहाएं, जो अपने साथ शरीर के विजातीय द्रव्यों को बाहर निकालकर हमें स्वस्थ बनाता है। सही मायनों में हमारे पर्व-त्योहार समाज के लिए सेफ्टी-वॉल का काम ही करते हैं, भागमभाग के तनाव से मुक्त करते हैं। दफ्तर-परिवार में ऊंच-नीच से उपजी असहज स्थितियों से मुक्त होने का अवसर ये पर्व देते हैं। दरअसल, समय के साथ जीवनशैली में आए बदलावों संग न केवल हमारा व्यवहार कृत्रिम हुआ है बल्कि हमारा खानपान भी अपना मूल स्वरूप खो चुका है। ऐसे में ये पर्व हमें जीवन की वास्तविकता से रूबरू कराते हैं। कहने को तो हमारे पर्व-त्योहार आस्था व आध्यात्मिक व्यवहार से जुड़े हैं, लेकिन सही मायनों में वे हमारे स्वास्थ्य का संवर्धन कर रहे होते हैं। शिवरात्रि के व्रत में हम बेर आदि उन फलों का सेवन करते हैं, जो बदलते मौसम में हमारी शरीर की जरूरतों को पूरा करते हैं। तमाम लोग मंदिरों के बाहर दूध व फल आदि के लंगर लगाते हैं; जिससे दान देने वाले तो सेवाभाव से अभिभूत होते ही हैं, साथ ही श्रद्धालुओं के साथ ही तमाम गरीबों, जरूरतमंदों व भूखों को भी इससे लाभ मिलता है। ये पर्व हमारी आर्थिकी के लिए भी उत्प्रेरक तत्व हैं। फलों व पर्व से जुड़े सामान की बिक्री खूब होती है। उन लाखों लोगों को आर्थिक लाभ व रोजगार मिलता है, जो धार्मिक स्थलों के बाहर सड़कों पर दुकान लगा रहे होते हैं। इन धार्मिक स्थलों में पहुंचे श्रद्धालुओं में आस्था के चलते सहजता, सरलता, परोपकार आदि मानवीय गुणों की अभिव्यक्ति होती है। जो हममें सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। मंदिर व पूजा-पाठ से जीविका चलाने वालों की आर्थिकी इन पर्वों से समृद्ध होती है। वहीं पर्व-व्रत के धार्मिक-आध्यात्मिक पक्ष के इतर समाज-कल्याण व सेहत से जुड़ा पक्ष भी सशक्त है। सबसे महत्वपूर्ण तो व्रत है। व्रत का एक संपूर्ण विज्ञान है। विडंबना यह है कि हम अपने आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा जैसे सर्वसिद्ध ज्ञान को गंभीरता से नहीं लेते। हाल ही के दिनों में विकसित देशों ने तमाम शोधों के बाद व्रत को दवा की संज्ञा दी है। प्राकृतिक चिकित्सा में व्रत के प्रकार, उसे खोलने में सावधानी व उपचार में उपयोग को लेकर विस्तृत अध्ययन उपलब्ध है, जो बताता है कम खाने से हमारा शरीर का पाचनतंत्र बेहतर ढंग से काम करता है। हम अपेक्षाकृत अधिक स्वस्थ महसूस करते हैं। लेकिन व्रत वाले दिन हम तमाम ऐसे विकल्प तलाश लेते हैं जो सामान्य दिनों के खाने से ज्यादा होता है। सही मायनों में व्रत विशुद्ध शारीरिक स्वास्थ्य की एक स्वयंसिद्ध प्रक्रिया है। हमारे पूर्वजों ने इस धर्म और अध्यात्म से जुड़कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सनातनी सदियों तक व्रत और परंपराओं का पालन करते हुए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें।

# अधिसंख्य आबादी तक पहुंचें सस्ती दवाइयां



डॉ. शशांक द्विवेदी

एक अनुमान के मुताबिक, किसी भी मरीज के इलाज के दौरान होने वाले खर्च का 70 प्रतिशत अकेले दवाओं पर खर्च हो जाता है। सरकार ने पिछले महीने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि इलाज और दवा पर होने वाले खर्च की वजह से देश में हर साल 3 करोड़ 8 लाख लोग गरीबी रेखा से नीचे चले जाते हैं। पिछले काफी समय से जेनेरिक या ब्रांडेड दवाओं पर बहस छिड़ी है। पिछले साल नेशनल मेडिकल कमीशन ने एक नियम लागू किया था। इसमें कहा गया था कि डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं भी लिखनी होंगी।

नियम न मानने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एनएमसी के इस फैसले के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस नियम पर सवाल खड़े किए थे। कई डॉक्टर एसोसिएशन ने भी नए कानून का विरोध कर इसको वापस लेने की मांग की थी। तर्क यह दिया गया था कि ब्रांडेड दवा न लिखने से मरीजों को नुकसान हो सकता है। विरोध के बाद एनएमसी ने अपना फैसला वापस ले लिया था। सरकार मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कानून में संशोधन की तैयारी कर रही है। इसके बाद डॉक्टर्स को मरीजों के लिए सिर्फ जेनेरिक दवा लिखनी होंगी, न कि किसी विशेष ब्रांड या कंपनी की। इसके बाद भी मरीजों को सस्ती दवाएं मिलने लगेंगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि जेनेरिक दवाओं के चलन से बड़ी फार्मा कंपनियों को सीधे नुकसान होगा।

आमतौर पर सभी दवाओं में एक तरह का 'केमिकल सॉल्ट' होता हैं। इन्हें शोध के बाद अलग-अलग बीमारियों के लिए बनाया जाता है। जेनेरिक दवा जिस सॉल्ट से बनी होती है, उसी के नाम से जानी जाती है। जैसे दर्द और बुखार में काम आने वाले पैरासिटामोल सॉल्ट को कोई कंपनी इसी नाम से बेचे तो उसे जेनेरिक दवा कहेंगे। वहीं, जब इसे किसी ब्रांड (जैसे क्रोसिन) के नाम से बेचा जाता है तो यह उस कंपनी की ब्रांडेड दवा कहलाती है। जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड की तुलना में 10 से 20 गुना तक सस्ती होती हैं। दरअसल, फार्मा कंपनियां ब्रांडेड दवाइयों की रिसर्च, पेटेंट और विज्ञापन पर काफी पैसा खर्च करती हैं। जबकि जेनेरिक दवाइयों की कीमत सरकार तय करती है और इसके प्रचार-प्रसार पर ज्यादा खर्च भी नहीं होता।

कई जानलेवा बीमारियां जैसे एचआईवी, लंग कैंसर, लीवर कैंसर में काम आने वाली दवाओं के ज्यादातर पेटेंट बड़ी-बड़ी कंपनियों के पास हैं। वे इन्हें अलग-अलग ब्रांड से बेचती हैं। अगर यही दवा जेनेरिक में उपलब्ध हो तो इलाज पर खर्च 200 गुना तक घट सकता है। जैसे एचआईवी की दवा टेनोफिविर या एफाविरेज़ की ब्रांडेड दवा का खर्च 2,500 डॉलर यानी करीब 1 लाख 75 हजार रुपये है, जबकि जेनेरिक दवा में यही खर्च 12 डॉलर यानी महज 840 रुपये महीने तक हो सकता है। हालांकि, इन बीमारियों का इलाज ज्यादातर सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में होता है। ऐसे में ये दवाएं इन अस्पतालों में या वहां के केमिस्ट के पास ही मिल पाती हैं।

देश में फार्मा इंडस्ट्री 1.20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की है और इसकी सालाना ग्रोथ 11 प्रतिशत है। देश में सालाना करीब 1.27 लाख करोड़ की दवाएं बेची जाती हैं, इसमें 75 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा जेनेरिक दवाओं का है। भारत जेनेरिक दवाइयों का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है। दुनियाभर की डिमांड की 20 प्रतिशत दवाइयां भारत सप्लाई करता है। अमेरिका में 40 प्रतिशत और यूके में 25 प्रतिशत दवाइयां भारत सप्लाई करता है। 2018-19 में देश से 1,920 करोड़ डॉलर की दवाइयां एक्सपोर्ट की गईं। दुनियाभर में कुल वैक्सीन डिमांड का 50 प्रतिशत भारत से सप्लाई होता है। इनके अलावा दक्षिण अफ्रीका, रूस, ब्राजील, नाइजीरिया और जर्मनी में भी भारतीय दवाएं एक्सपोर्ट की गईं।

एक अनुमान के मुताबिक, किसी भी मरीज के इलाज के दौरान होने वाले खर्च का 70 प्रतिशत अकेले दवाओं पर खर्च हो जाता है। सरकार ने पिछले महीने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि इलाज और दवा पर होने वाले खर्च की वजह से देश में हर साल 3 करोड़ 8 लाख लोग गरीबी रेखा से नीचे चले जाते हैं। फिलहाल सरकार की आयुष्मान भारत योजना से निःशुल्क इलाज और जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती जेनेरिक दवाओं का मिलना लोगों के लिए राहत की बात है। आयुष्मान भारत योजना का दायरा देश की अधिसंख्य आबादी तक बढ़ाने की जरूरत है।

प्रधामंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के अंतर्गत सरकार का उद्देश्य लोगों को ब्रांडेड महंगी दवाइयों के स्थान पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां प्रदान करना है। सरकार के प्रयास के बावजूद अभी भी देश में बड़े पैमाने पर जेनेरिक दवाओं का प्रयोग नहीं हो पा रहा है। समय आ गया है कि सामुदायिक स्तर पर जेनेरिक दवाओं को प्रोत्साहित किया जाए। देश में बढ़ती महंगाई के दौर में लोगों को सस्ती और गुणवत्तापरक दवाइयों के जरिए स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। ऐसे में समय आ गया है कि सभी को जेनेरिक दवाओं के माध्यम से सस्ती दवाएं मुहैया कराइ जाएं।

जीवन मंत्र

# जीवन को बदलकर रख देंगी सुबह की ये 5 आदतें

दिन की हेल्दी और पॉजिटिव शुरुआत के लिए सुबह जल्दी उठना बहुत जरूरी है। पहले के समय में लोग सूर्योदय से पहले बिस्तर त्याग देते थे लेकिन बदलते समय के साथ लोगों में ये आदत कहीं खो सी गई है।

दिन की शुरुआत कैसी है इसका असर बाकी के पूरे दिन पर पड़ता है। आपने खुद भी नोटिस किया होगा कि जिस दिन आप नेगेटिविटी के साथ दिन की शुरुआत करते हैं, उस दिन सारा दिन बेकार ही जाता है और आप कुछ भी काम ढंग से नहीं कर पाते। इसलिए एक अच्छे मॉर्निंग रूटीन का होना बहुत ही जरूरी है। सफल लोगों में एक आदत आपको कॉमन देखने को मिलेगी कि उन सभी एक फिक्स मॉर्निंग रूटीन होता है, जिसे वो रोज बिना रुके फॉलो करते हैं। यही एक-एक दिन फॉलो किया गया रूटीन उन्हें बाकी लोगों से अलग बनाता है। अगर आपको भी लाइफ में बहुत आगे जाना है तो अपने दिन की शुरुआत को बेहतर बनाने के लिए एक हेल्दी और कंसिस्टेंट मॉर्निंग रूटीन फॉलो करने की आदत डालें। यहां कुछ ऐसी ही मॉर्निंग हैबिट्स बताई गई हैं, जिन्हें आपव अपने रूटीन में शामिल करना चाहिए। दिन की हेल्दी और पॉजिटिव शुरुआत के लिए सुबह जल्दी उठना बहुत जरूरी है। पहले के समय में लोग सूर्योदय से पहले बिस्तर त्याग देते थे लेकिन बदलते समय के साथ लोगों में ये आदत



कहीं खो सी गई है। हालांकि अगर आप अपनी लाइफ में पॉजिटिव बदलाव देखना चाहते हैं तो सुबह जल्दी उठने की आदत डालना जरूरी है। सुबह जल्दी उठने से ना सिर्फ स्वास्थ्य सही रहता है बल्कि दिनचर्या भी मेंटेन रहती है। सुबह जल्दी उठने पर आप शांत मन से अपने पूरे दिन की प्लानिंग कर सकते हैं और बिना हड़बड़ी के अपने दिन भर के काम को आसानी से निपटा सकते हैं। वो कहते हैं ना दिन की शुरुआत जैसी होगी पूरा दिन वैसा ही होगा। इसलिए सुबह की शुरुआत हमेशा पॉजिटिव एनर्जी के साथ करनी चाहिए। सुबह नेगेटिव थॉट्स और उलझनों को दूर रखकर, पॉजिटिव एनर्जी और अच्छे ख्यालों के साथ दिन की शुरुआत करने से पूरे दिन पॉजिटिविटी बनी रहेगी। साथ ही आपकी इस आदत का आपके मेंटल हेल्थ पर भी बहुत ही पॉजिटिव इफेक्ट पड़ेगा। इसलिए सुबह आंख खुलने के बाद सबसे पहले ईश्वर को एक नए दिन के लिए धन्यवाद करें और फिर पॉजिटिविटी के साथ अपने दिन की शुरुआत करें। अच्छी दिनचर्या के लिए स्वास्थ्य का अच्छा होना बहुत जरूरी है। इसलिए सुबह की शुरुआत अपने हेल्थ का ध्यान रखने के साथ करें। इसके लिए सुबह खाली पेट हल्का गुनगुना पानी पीएं। दरअसल रात भर सोने के बाद सुबह शरीर को हाइड्रेशन की जरूरत होती है। सुबह खाली पेट गुनगुना पानी पीने से बॉडी से टॉक्सिंस बाहर निकलती है और बॉडी हाइड्रेटेड होती है। इससे शरीर को दिन भर के लिए एनर्जी मिलती है और काम बेहतर ढंग से कर पाते हैं।

शख्सियत | कमला कौल नेहरू

# भारत के स्वतंत्रता संग्राम में दिया अहम योगदान



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) के एक प्रमुख नेता जवाहरलाल नेहरू से उनकी शादी ने भारत के राजनीतिक परिदृश्य के केंद्र में उनकी यात्रा की शुरुआत को चिह्नित किया। कमला ने पूरे दिल से अपने पति के प्रयासों का समर्थन किया और उनके साथ स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

कमला कौल नेहरू, जिनका जन्म 1 अगस्त, 1899 को हुआ था, एक उल्लेखनीय महिला थीं, जिन्हें भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू की पत्नी के रूप में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता था। एक पारंपरिक कश्मीरी परिवार में पली-बढ़ी कमला ने मामूली शिक्षा प्राप्त की, लेकिन छोटी उम्र से ही उन्हें सामाजिक मुद्दों और राजनीतिक सक्रियता में गहरी रुचि हो गई।

अपनी बेटी इंदिरा गांधी, जो बाद में भारत की प्रधान मंत्री बनीं, की मां के रूप में कमला की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी। उन्होंने अपनी बेटी में करुणा, लचीलापन और सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण के मूल्यों को स्थापित किया, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए भारतीय राजनीति की दिशा तय हुई।

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में कमला का योगदान एक सहायक पत्नी और मां के रूप में उनकी भूमिका से परे था। उन्होंने विरोध प्रदर्शनों में सक्रिय रूप से भाग लिया, राजनीतिक बैठकों में भाग लिया और अपने आसपास के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास किया।

कम भाग्यशाली लोगों के प्रति उनकी करुणा और सहानुभूति ने उन्हें धर्मार्थ गतिविधियों में संलग्न होने के लिए प्रेरित किया, जिसमें जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करना और वंचित बच्चों के लिए शैक्षिक पहल का समर्थन करना शामिल था।

कमला कौल नेहरू का जीवन दुखद रूप से छोटा हो गया जब 28 फरवरी, 1936 को 36 वर्ष की कम उम्र में उनका निधन हो गया। हालांकि, एक समर्पित कार्यकर्ता, सहायक पत्नी और पालन-पोषण करने वाली मां के रूप में उनकी विरासत महिलाओं और पुरुषों के लिए प्रेरणा के रूप में काम करती रही।

जीवन ऊर्जा

राजेन्द्र प्रसाद : निधन- 28 फरवरी, 1963 | देहावसान

# हिंदुस्तान हमारा है हम हैं इसकी शान

राजेन्द्र प्रसाद का जन्म 3 दिसम्बर 1884 को बिहार के तत्कालीन सारण जिले के जीरादेई नामक गांव में हुआ था। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। पटना के सदाक्रत आश्रम में सेवानिवृत्त होने के बाद अपना जीवन गुज़ारा और 28 फरवरी, 1963 को यहीं उनकी मृत्यु भी हुई।



मंजिल को पाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए याद रहे कि मंजिल की ओर बढ़ता रास्ता भी उतना ही नेक हो। खुद पर उम्र को कभी हावी नहीं होने देना चाहिए। हर किसी को अपनी उम्र के साथ सीखने के लिए खेलना चाहिए। किसी की गलत मंशाएं आपको किनारे नहीं लगा सकतीं। जो बात सिद्धांत में गलत है, वह बात व्यवहार में भी सही नहीं है। पेड़ो के आसपास चलने वाला अभिनेता कभी आगे नही बढ़ सकता। कोई भी किसी को एक तरह धक्का नहीं दे सकता। हर किसी को अपनी उम्र के साथ सीखने के लिए खेलना चाहिए। जो मैं करता हूं, मैं उन भूमिकाओं के बारे में सावधान रहता हूं। गाय की सुरक्षा करना, भारत का शाश्वत धर्म है खुद पर उम्र को कभी हावी नहीं होने देना चाहिए। मैं एक ऐसे पड़ाव पर हूं, जहां खुद की उम्र को बेहद अच्छी तरह समझता हूं।

पेड़ों के आसपास चलने वाला अभिनेता कभी आगे नहीं बढ़ सकता। दिल हमारे एक हैं एक ही है हमारी जान, हिंदुस्तान हमारा है हम हैं इसकी शान, जान लुटा देंगे वतन पे हो जाएंगे कुर्बान, इसलिए हम कहते हैं मेरा भारत महान। क्या गरम होगा वो खून और क्या ही उसकी जवानी होगी, ज़िन्दगी होगी उसकी मेहबूबा की मौत भी उसकी दीवानी होगी।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# दुःखदायी है एक पुरुष का ताउम्र पुरुष रह जाना

पुरुष का मौन क्यों पहाड़ सा खड़ा रहता है। उसके जन्म पर खुशियाँ मनाई जाती है। थाली बजाई जाती है। लड्डू बांटे जाते हैं, क्योंकि वो एक दुधारू गाय है। जिसे हर कोई दुहता है। उसके मन में सुख है या दुख इसकी थाह कोई नहीं पाता है। वह हर पल अपनों के लिए जीता



है। जीवन का एक-एक पल दूसरों के लिए समर्पित करता है। बचपन से जवानी तक माँ बाप के सपनों को साकार करने के लिए दिन रात संघर्ष करता है, तो कभी पितृहीन होकर परिवार की बागडोर मुखिया के रुप में संभालता है।

कभी छोटे भाई-बहनों के लिए अपने सपनों की बलि देता है, तो कभी परिवार की परम्परा के लिए अपने प्यार की तिलांजलि देता है और परिवार की खुशी के लिए अनचाही शादी करता है।

पत्नी कैसी भी हो उसे निभाता है। पत्नी सुन्दर सुशील हो तो अपनी किस्मत को सराहता है और बदसूरत बददिमाग हो तो ताउम्र नरक की सजा भुगतता है। पिता बन कर संतानों की परवरिश करने में अपना तन मन धन सब कुछ समर्पित करता है। अपनी हर लड़ाई में रहता है वह मौन अपना संघर्ष किसी को नहीं बता पाता है, एक-एक तिनका इकट्ठा करके अपने सपनों का आशियाना बनाने की कोशिश करता है। ताउम्र एक एक पैसे का हिसाब रखता है। जिम्मेदारियों के पहाड़ के नीचे दबा उफ तक नहीं कर पाता है। इस सफर में आदमी जीतता है या हारता, लेकिन अंततः अपने मन में अपनी इच्छाओं की चिता में अकेला ही रहता है। हर कोई उससे मांगता ही मांगता है। उसे देने कोई नहीं आता है और एक दिन चुपचाप चल देता है । अनजान सफर पर जहाँ जाकर कोई वापस आता नहीं। आदमी का दर्द हमेशा मौन ही रहता है। इसलिये पुरुष स्त्री से प्रेम करे और थोड़ा स्त्री हो जाए, दुःखदायी है एक पुरुष का ताउम्र पुरुष रह जाना।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## उत्थान एवं कल्याण का मूल है भक्ति



भक्ति जीवन को सुपथगामी बनाकर श्रेष्ठ मार्ग की ओर अग्रसित करती है। यदि किसी मनुष्य के जीवन में भक्ति नहीं है तो फिर निश्चित समझिए वो कुपथगामी है और जो कुपथगामी है वही तो आसुरी प्रवृत्ति का भी है, जिस मनुष्य के जीवन में भक्ति नहीं फिर उसी मनुष्य का जीवन हिरण्यकशिपु की तरह असुरत्व प्रधान भी बन जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो वो ये कि भक्ति और भक्त का निरादर करने वाला मनुष्य ही हिरण्यकशिपु है।

जिस मनुष्य के जीवन में भक्ति नहीं, उस मनुष्य के जीवन में सदाचरण की शक्ति भी कभी नहीं हो सकती। जहाँ सदाचार है वहाँ सुरत्व और जहाँ दुराचार है, वहीं तो असुरत्व है। भक्ति नर को नारायण स्वरूप बनाने की प्रयोगशाला है। भक्ति जीवन को परिष्कृत करके दुनिया के बाजार में उसके मोल को बढ़ाकर अनमोल कर देती है। जीवन में भक्ति का समावेश ही उसके उत्थान एवं कल्याण का मूल है।

## अपने विचार

BJP वालों ने सरकार में आते ही तानाशाही की हदें पार कर दीं. 'जय भीम' के नारे लगाने पर तीन दिन के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया।आज आप विधायकों को विधानसभा परिसर में घुसने नहीं दिया जा रहा है।



**-आतिशी,** पूर्व सीएम, दिल्ली

पश्चिम बंगाल में भाजपा की ओर से फर्जी वोटरों को जुड़वाया जा रहा है। उनके नाम इसलिए जोड़े जा रहे हैं ताकि चुनाव के दौरान उनके वोटों से नतीजे को बदला जा सके। हम ऐसा नहीं होने देंगे।



**-ममता बनर्जी,** सीएम, पश्चिम बंगाल

प्रयागराज वासियों का अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने दो माह तक धैर्य से श्रद्धालुओं का आतिथ्य सत्कार किया। विरोधियों ने दूरबीन से महाकुम्भ की कमी खोजने का कार्य किया लेकिन सफल नहीं हुए।



**-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उत्तर प्रदेश

भाजपा की सबसे बड़ी कमी यही है कि वो देश की जनता को 'नागरिक' नहीं, 'ग्राहक' समझती है। भाजपा की सोच व्यावसायिक है, इसीलिए वो 'लाभ' के बारे में सोचती है, जनकल्याण के बारे में नही।



**-अखिलेश यादव,** सपा प्रमुख

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001

indiagroundreport@gmail.com

भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार)।

# महाकुंभ में पश्चिम रेलवे ने निभाई अहम भूमिका

**1.70 लाख तीर्थयात्रियों को पहुंचाया प्रयागराज**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई। महाकुंभ 2025 के दौरान भारतीय रेलवे ने तीर्थयात्रियों को प्रयागराज तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाई। पश्चिम रेलवे द्वारा चलाई गई कुंभ स्पेशल ट्रेनों से लगभग 1.70 लाख श्रद्धालुओं ने यात्रा की।

### 125 फेरे, प्रमुख स्टेशनों से विशेष ट्रेनें संचालित



पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे द्वारा चलाई गई स्पेशल ट्रेनों ने श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पश्चिम रेलवे द्वारा महाकुंभ में भाग लेने के लिए जाने वाले तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पश्चिम रेलवे के विभिन्न स्टेशनों यथा- मुंबई सेंट्रल, वापी, वलसाड, उधना, वडोदरा, विश्वामित्री, अहमदाबाद, साबरमती, भावनगर, राजकोट, इंदौर आदि से स्पेशल ट्रेनों के 125 फेरे चलाये गये। कुंभ स्पेशल ट्रेनों के 26 फेरे मुंबई सेंट्रल मंडल से, 24 फेरे अहमदाबाद मंडल से, 8 फेरे भावनगर मंडल से, 4 फेरे राजकोट मंडल से, 2 फेरे वडोदरा मंडल से और 6 फेरे रतलाम मंडल से चलाये गये। ये स्पेशल ट्रेनें प्रयागराज के साथ-साथ अन्य नजदीकी रेलवे स्टेशनों तक चलाई गईं और अनुमान है कि इन कुंभ स्पेशल ट्रेनों से करीब 1.70 लाख तीर्थयात्रियों ने यात्रा की।

### रेलवे की व्यापक तैयारी और मॉनिटरिंग

महाकुंभ को भव्य और दिव्य बनाने के लिए रेलवे ने यात्रा से पहले ही कार्ययोजना तैयार की थी। भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वॉर रूम से चौबीसों घंटे निगरानी रखी गई और सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर CCTV कैमरों की फुटेज के आधार पर स्थिति को संभाला गया।

### सुरक्षित और आरामदायक यात्रा की प्राथमिकता

रेलवे प्रशासन ने सुनिश्चित किया कि महाकुंभ में जाने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधाजनक, सुरक्षित और सुगम यात्रा मिले। श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त ट्रेनों की व्यवस्था भी की गई।

# मराठी भाषा गौरव दिवस पर विशेष कार्यक्रम

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र डाक सर्किल द्वारा मुंबई जीपीओ में मराठी भाषा गौरव दिवस 2025 को उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह आयोजन मराठी भाषा की समृद्ध विरासत को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। मराठी भाषा गौरव दिवस प्रतिष्ठित कवि विष्णु वामन शिरवाडकर (कुसुमाग्रज) की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। महाराष्ट्र सरकार ने 2013 में 27 फरवरी को आधिकारिक रूप से मराठी भाषा दिवस घोषित किया था।

### साहित्य और सिनेमा में भाषा की भूमिका




प्रसिद्ध लेखक, आलोचक और फिल्म निर्माता गणेश मतकरी ने साहित्य और सिनेमा में भाषा की अहमियत पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने मराठी भाषा के प्रचार-प्रसार में साहित्य और सिनेमा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

### विशेष कैंसलेशन और पोस्टकार्ड का विमोचन

महाराष्ट्र डाक सर्किल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अमिताभ सिंह ने इस अवसर पर विशेष कैंसलेशन और पोस्टकार्ड का विमोचन किया। इस कार्यक्रम में पद्मश्री अच्युत पालव, लेखक एवं नाटककार गणेश मतकरी, महाराष्ट्र डाक सर्किल की महाप्रबंधक (वित्त) जयति समद्दर और मुंबई डाक क्षेत्र की पोस्टमास्टर जनरल सुचेता जोशी समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### पद्मश्री अच्युत पालव का सम्मान

कार्यक्रम में प्रसिद्ध सुलेखक पद्मश्री अच्युत पालव को सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी बचपन से सुलेख में महारत हासिल करने तक की यात्रा साझा की और मराठी भाषा व डाकघर की थीम पर लाइव कलाकृति बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

### कविता लेखन प्रतियोगिता और समापन

इस अवसर पर मराठी कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अमिताभ सिंह के संबोधन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने मराठी भाषा के संरक्षण और संवर्धन के महत्व को रेखांकित किया।

# रुद्राभिषेक, शिव विवाह और महाभंडारा संपन्न

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

टेमघर इलाके के श्री सिद्धिविनायक शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर रुद्राभिषेक, शिव विवाह और महाभंडारा का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में 2500 से अधिक भक्तों ने महाप्रसाद का लाभ उठाया। सिद्धि नारायण ग्रुप के मालिक नारायण मच्छा ने बताया कि शिवम डेवलपर्स के मालिक सागर मच्छा और उनकी पत्नी पूजा सागर मच्छा समेत कई भक्तों ने रात 8 बजे से 12 बजे तक विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। इसके बाद भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। शिव भक्तों के लिए सिद्धि नारायण ग्रुप द्वारा अल्पाहार की विशेष व्यवस्था की गई थी। अगले दिन गुरुवार दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे तक महाभंडारा आयोजित किया गया, जिसमें 2500 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।



# बांद्रा टर्मिनस-पालीताना स्पेशल ट्रेन का पालघर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे यात्रियों की सुविधा तथा फाल्गुन फेरी के लिए ट्रेन संख्या 09093/09094 बांद्रा टर्मिनस-पालीताना स्पेशल ट्रेन को पालघर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करेगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 10 मार्च, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09093 बांद्रा टर्मिनस-पालीताना स्पेशल को पालघर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन पालघर स्टेशन पर 18:50 बजे पहुंचेगी और 18:52 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, 13 मार्च, 2025 को पालीताना से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09094 पालीताना-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल को पालघर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन पालघर स्टेशन पर 05:28 बजे पहुंचेगी और 05:30 बजे प्रस्थान करेगी।

# ठाणे मनपा में धूमधाम से मनाया गया मराठी भाषा गौरव दिवस

धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे

वरिष्ठ कवि और ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता वि.वा. शिरवाडकर (कुसुमाग्रज) की जयंती के अवसर पर ठाणे महानगरपालिका मुख्यालय में मराठी भाषा गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कुसुमाग्रज की प्रसिद्ध कविता 'स्वातंत्र्यदेवी विनवाणी' का पाठ किया गया, जिसका सुलेखन वरिष्ठ सुलेखक अच्युत पालव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ कवि और गजलकार सुरेश भट के गीत 'लभाले अम्हास भाग्य बोलतो मराठी' के संगीतमय प्रस्तुति से वातावरण मराठीमय हो गया।

### मराठी पढ़ने के लिए नई पहल



मराठी भाषा गौरव दिवस के उपलक्ष्य में ठाणे मनपा की वेबसाइट (thanecity.gov.in) पर 'मराठी पढ़ने का कट्टा' लॉन्च किया गया है। इस लिंक के माध्यम से लोग मराठी विश्वकोश, कुमार विश्वकोश और अन्य मराठी साहित्य को आसानी से पढ़ सकते हैं।

### नगरपालिका अधिकारियों की उपस्थिति

इस अवसर पर ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त उमेश बिरारी, विधी अधिकारी मकरंद काले और महिला एवं बाल विकास अधिकारी दयानंद गुंडप सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# प्रकाश करात का बीजेपी-आरएसएस पर हमला

डीबीडी संवाददाता | सेलू




मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (CPI-M) के 24वें महाराष्ट्र राज्य सम्मेलन के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रकाश करात ने भारतीय जनता पार्टी (BJP) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि BJP-RSS की सरकार सांप्रदायिक और फासीवादी है और इसके खिलाफ सभी धर्मनिरपेक्ष ताकतों को एकजुट होना होगा।

### धर्मनिरपेक्ष ताकतों को एकजुट करने की मांग

करात ने सभी धर्मनिरपेक्ष और वामपंथी ताकतों से BJP-RSS की नीतियों का विरोध करने के लिए एकजुट होने की अपील की और कहा कि वामपंथी ताकतों को मजबूत किया जाना चाहिए। सम्मेलन के दौरान वरिष्ठ नेता नरसैया आदम, उदयन शर्मा और दत्ता माने समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी, जबकि प्रजा नाट्य मंडल की कला मंडली ने क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किए।

### देश में आर्थिक असमानता बढ़ी : करात

प्रकाश करात ने कहा कि देश के 1% उद्योगपतियों के पास 40% संपत्ति है, जिससे अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ गई है। उन्होंने BJP पर आरोप लगाया कि उसने निजीकरण को बढ़ावा दिया और सरकारी उद्योगों को बंद कर दिया।

### संविधान को कमजोर करने का आरोप

उन्होंने आरोप लगाया कि BJP सरकार संविधान की परवाह नहीं करती और यह मेहनतकश जनता के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने लोगों से इस पूंजीवादी और असमानतावादी सरकार के खिलाफ संघर्ष करने की अपील की।

# मराठी भाषा दिवस पर कविता प्रतियोगिता का आयोजन




डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

मराठी भाषा के गौरव और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मराठी भाषा दिवस के अवसर पर यशवंत विद्यालय, उल्हासनगर में "स्वरचित कविता व्रप्पा" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता उल्हासनगर युवा प्रबोधिनी द्वारा नवोदित कवियों को मंच प्रदान करने और मराठी भाषा में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित की गई थी। आज पुरस्कार समारोह में श्रीराम प्रसारक मंडल के अध्यक्ष डॉ. विलास चौधरी, उपाध्यक्ष बापू सावंत, सचिव सुधाकर ढाके, उत्तम पोखी, दिलीप सपकाल और प्राचार्य दिगंबर महाले उपस्थित रहे। इस पहल में निखिल पाटिल, राहुल जैन और अक्षय राणे का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। समारोह में विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# 48 अतिरिक्त होली स्पेशल ट्रेनें चलाएगा मध्य रेल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई। मध्य रेल प्रमुख मार्गों पर 48 अतिरिक्त होली स्पेशल ट्रेन सेवाएँ संचालित करेगा। इन विशेष ट्रेनों का उद्देश्य यात्रियों के लिए सुगम और सुविधापूर्ण यात्रा सुनिश्चित करना है।

### पुणे - हज़रत निज़ामुद्दीन - पुणे साप्ताहिक सुपरफ़ास्ट स्पेशल (4 ट्रिप)

01491 साप्ताहिक सुपरफ़ास्ट स्पेशल 07.03.2025 और 14.03.2025 को पुणे से 17.30 बजे रवाना होगी और दूसरे दिन 18.10 बजे हज़रत निज़ामुद्दीन पहुँचेगी। 01492 साप्ताहिक सुपरफ़ास्ट स्पेशल 08.03.2025 और 15.03.2025 को हज़रत निज़ामुद्दीन से 22.10 बजे रवाना होगी और दूसरे दिन 23.55 बजे पुणे पहुँचेगी।

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस - कन्याकुमारी - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल (4 ट्रिप)

01005 द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल 10.03.2025 और 17.03.2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 00.20 बजे रवाना होगी और अगले दिन 12.15 बजे कन्याकुमारी पहुंचेगी। 01006 द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल 11.03.2025 और 18.03.2025 को कन्याकुमारी से 14.15 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 04.15 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी।



### लोकमान्य तिलक टर्मिनस - दानापुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक स्पेशल (6 ट्रिप)

01009 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 10.03.2025, 15.03.2025 एवं 17.03.2025 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई से 12.15 बजे रवाना होगी और अगले दिन 17.00 बजे दानापुर पहुँचेगी। 01010 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल दानापुर से 11.03.2025, 16.03.2025 एवं 18.03.2025 को 18.15 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 04.40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई पहुंचेगी।

### पुणे - गाजीपुर सिटी - पुणे द्वि-साप्ताहिक स्पेशल (8 ट्रिप)

01431 पुणे - गाजीपुर सिटी द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 07.03.2025, 11.03.2025, 14.03.2025 और 18.03.2025 को पुणे से 06:40 बजे रवाना होगी और दूसरे दिन 19:05 बजे गाजीपुर सिटी पहुंचेगी। 01432 गाजीपुर सिटी - पुणे द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 09.03.2025, 13.03.2025, 16.03.2025 एवं 20.03.2025 को गाजीपुर सिटी से 04:20 बजे रवाना होगी और दूसरे दिन 16:20 बजे पुणे पहुंचेगी।

### लोकमान्य तिलक टर्मिनस - मऊ - लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक स्पेशल (8 ट्रिप)

01123 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 07.03.2025, 09.03.2025, 14.03.2025 एवं 16.03.2025 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12.15 बजे रवाना होगी और दूसरे दिन 20.20 बजे मऊ पहुंचेगी। 01124 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 09.03.2025, 11.03.2025, 16.03.2025 एवं 18.03.2025 को मऊ से 05.50 बजे रवाना होगी और दूसरे दिन 16.45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।

### लोकमान्य तिलक टर्मिनस - तिरुवनंतपुरम उत्तर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल (4 ट्रिप)

01063 स्पेशल ट्रेन 06.03.2025 और 13.03.2025 को 16.00 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रवाना होगी और दूसरे दिन 22.45 बजे तिरुवनंतपुरम उत्तर पहुंचेगी। 01064 स्पेशल ट्रेन 08.03.2025 और 15.03.2025 को तिरुवनंतपुरम उत्तर से 16.20 बजे रवाना होगी और लोकमान्य तिलक टर्मिनस तीसरे दिन 00.45 बजे पहुंचेगी।

### लोकमान्य तिलक टर्मिनस - बनारस - लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक विशेष (4 ट्रिप)

01053 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 12.03.2025 एवं 13.03.2025 को 12.15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रवाना होगी और अगले दिन 16.05 बजे बनारस पहुंचेगी। 01054 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 13.03.2025 और 14.03.2025 को 20.30 बजे बनारस से रवाना होगी और तीसरे दिन 04.40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।

### पुणे - दानापुर - पुणे द्वि-साप्ताहिक स्पेशल (6 ट्रिप)

01481 पुणे - दानापुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 10.03.2025, 14.03.2025 और 17.03.2025 को 19:55 बजे पुणे से रवाना होगी और तीसरे दिन 05:00 बजे दानापुर पहुंचेगी। 01482 दानापुर - पुणे द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 12.03.2025, 16.03.2025 और 19.03.2025 को 06:45 बजे दानापुर से रवाना होगी और दूसरे दिन 17:35 बजे पुणे पहुंचेगी।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** – किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा।

**वृष** – स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी।

**मिथुन** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा।

**कर्क** – किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी।

**सिंह** – पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा।

**कन्या** – दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**तुला** – भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे।

**वृश्चिक** – यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**धनु** – घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं।

**मकर** – बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है।

**कुंभ** – नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन** – स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें।

# कुंडली मिलान में नाड़ी दोष का महत्त्व

भाग-2




एक नाड़ी विवाहश्च गुणैः सर्वैः समन्वितः
वर्जनीभः प्रयत्नेन दंपत्योर्निधनं।

अर्थात वर -कन्या की नाड़ी एक ही हो तो उस विवाह वर्जनीय है। भले ही उसमें सारे गुण हों, क्योंकि ऐसा करने से पति -पत्नी के स्वास्थ्य और जीवन के लिए संकट की आशंका उत्पन्न हो जाती है।

पुत्री का विवाह करना हो या पुत्र का, विवाह की सोचते ही कुण्डली मिलान की सोचते हैं जिससे सब कुछ ठीक रहे और विवाहोपरान्त सुखमय गृहस्थ जीवन व्यतीत हो. कुंडली मिलान के समय आठ कूट मिलाए जाते हैं, इन आठ कूटों के कुल अंक 36 होते हैं. इन में से एक कूट नाड़ी होता है जिसके सर्वाधिक अंक 8 होते हैं. लगभग 23 प्रतिशत इसी कूट के हिस्से में आते हैं, इसीलिए नाड़ी दोष प्रमुख है।

ऐसी लोक चर्चा है कि वर कन्या की नाड़ी एक हो तो पारिवारिक जीवन में अनेक बाधाएं आती हैं और संबंधों के टूटने की आशंका या भय मन में व्याप्त रहता है. कहते हैं कि यह दोष हो तो संतान प्राप्ति में विलंब या कष्ट होता है, पति-पत्नी में परस्पर ईर्ष्या रहती है और दोनों में परस्पर वैचारिक मतभेद रहता है. नब्बे प्रतिशत लोगों का एकनाड़ी होने पर ब्लड ग्रुप समान और आर एच फैक्टर अलग होता है यानि एक का पॉजिटिव तो दूसरे का ऋण होता है. हो सकता है इसलिए भी संतान प्राप्ति में विलंब या कष्ट होता है।



प्रियंका जैन
9769994439

चिकित्सा विज्ञान की आधुनिक शोधों में भी समान ब्लड ग्रुप वाले युवक युवतियों के संबंध को स्वास्थ्य की दृष्टि से अनपयुक्त पाया गया है। चिकित्सकों का मानना है कि यदि लड़के का आरएच फैक्टर पॉजिटिव हो व लड़की का आरएच फैक्टर निगेटिव हो तो विवाह उपरांत पैदा होने वाले बच्चों में अनेक विकृतियाँ सामने आती हैं, जिसके चलते वे मंदबुद्धि व अपंग तक पैदा हो सकते हैं। वहीं रिवर्स केस में इस प्रकार की समस्याएँ नहीं आतीं, इसलिए युवा अपना रक्तपरीक्षण अवश्य कराएँ, ताकि पता लग सके कि वर-कन्या का रक्त समूह क्या है। चिकित्सा विज्ञान अपनी तरहसे इस दोष का परिहार करता है, लेकिन ज्योतिष ने इस समस्या से बचने और उत्पन्न होने पर नाड़ी दोष के उपाय निश्चित किए हैं। इन उपायों में जप-तप, दान पुण्य व्रत अनुष्ठान आदि साधनात्मक उपचारों को अपनाने पर जोर दिया गया है।

शास्त्र वचन यह है कि-एक ही नाड़ी होने पर गुरु और शिष्य मंत्र और साधक, देवता और पूजक में भी क्रमशः ईर्ष्या अरिष्ट और मृत्यु जैसे कष्टों का भय रहता है।

देवर्षि नारद ने भी कहा है-वर कन्या की नाड़ी एक ही हो तो वह विवाह वर्जनीय है. भले हीउसमें सारे गुण हों, क्योंकि ऐसा करने से तो पति-पत्नी के स्वास्थ्य और जीवनके लिए संकट की आशंका उत्पन्न हो जाती है।

न्यूज़ ब्रीफ

## मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले में एक्शन

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले में स्ट्रांग रूम के प्रभारी और 10 शिक्षकों को शो-कॉज किया गया है। दंडाधिकारी और केंद्राधीक्षक चिह्नित होंगे। गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर जिला कोषागार पदाधिकारी ने शो-कॉज मांगा है। बुधवार को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर जिला कोषागार पदाधिकारी ने कार्य में लापरवाही बरतने पर स्ट्रांग रूम प्रभारी और 10 शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा है। ये शिक्षक हैं मनोज कुमार यादव, मनोज कुमार वर्मा, मुनचुन अंसारी, गोविंद झा, अभिमन्यु सिंह, अनूप कुमार गुप्ता, रितेश कुमार, रमेश कुमार, उमेश प्रसाद चौधरी और पवन कुमार। पत्र में कहा गया है कि संबंधित शिक्षकों को प्रश्नपत्रों को वज्रगृह में भंडारण का दायित्व दिया गया था। इसके बावजूद मजदूर द्वारा प्रश्नपत्र की चोरी कर ली गयी। घटना गंभीर एवं गोपनीय कार्य में लापरवाही को परिलक्षित करता है।

## महिला से दिन-दहाड़े हुई लूट

**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र स्थित नरैनिया पेट्रोल पंप के समीप बाइक सवार उच्चकों ने एक महिला से डेढ़ लाख रुपये की छिनतई कर ली. घटना के बाद दोनों उच्चके मौके से फरार हो गए. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मिली जानकारी के अनुसार, उचकागांव थाना क्षेत्र के अमठा भूअन निवासी कांता साह गुरुवार को अपनी पत्नी सुषमा देवी और भतीजी के साथ एबीआई बैंक, नरैनिया में पैसा निकालने पहुंचे थे।

बैंक से पैसा निकालने के बाद जब वे बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे, उसी समय बाइक पर सवार दो उच्चकों ने सुषमा देवी के हाथ में झपट्टा मारकर उनका कैश से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए. बैग में कुल डेढ़ लाख रुपये रखे हुए थे. घटना के बाद महिला और उसके परिजनों ने शोर मचाया, लेकिन उच्चके तेज रफ्तार से फरार हो गए।

## संजय गांधी अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगामा

**अमेठी।** यूपी के अमेठी स्थित संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। मरीज की मौत के बाद परिजनों ने डाक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल गेट पर ताला लगाकर अंदर चल रही ओपीडी को भी बंद करा दिया। पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर चार डाक्टरों के विरुद्ध लापरवाही से इलाज करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं सीएमओ ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है
कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के मऊ निवासी 70 वर्षीय शिवराम मिश्र को बुधवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे सीने में दर्द होने पर परिजन लेकर संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज पहुंचे। कई जांच के बाद डाक्टरों ने आपरेशन की बात कही।

# चुनाव से पहले बिहार में माहौल खराब करने की कोशिश

### मंदिर परिसर में लगाई आग



**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी जिले में असामाजिक तत्वों ने महाशिवरात्रि की रात आपसी सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से शिव मंदिर में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया। बिहार में साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव होना है। इससे पहले एक बार फिर से प्रदेश में माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, सीतामढ़ी जिले में असामाजिक तत्वों ने महाशिवरात्रि की रात सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की नियत से एक मंदिर परिसर में प्रवेश कर मूर्तियों के साथ छेड़छाड़ की तथा झोपड़ीनुमा घर को आग के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही जिले के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए और किसी भी तरह की अनहोनी होने की आशंका को रोक दिया।

### आरोपियों के खिलाफ करेंगे कार्रवाई: जिला प्रशासन

मंदिर परिसर में हुई इस घटना के बाद एक तरफ जहां लोग गुस्से में थे। वही पुलिस के आला अफसरों ने लोगों को ऐसे तत्वों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई का भरोसा देकर मामला शांत करने की कोशिश की। मीडिया से बात करते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह पूरी घटना परमानंदपुर गांव की है, जहां एक शिव मंदिर में रात बदमाश घुस गए और भगवान गणेश और भगवान कार्तिक की मूर्तियों को मंदिर से निकालकर बाहर फेंक दिया। सुबह जब लोगों को इसकी जानकारी मिली तो स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। डुमरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### सौहार्द बिगाड़ने के लिए घटना को दिया गया अंजाम: DSP

सीतामढ़ी नगर के पुलिस उपाधीक्षक रामा कृष्णा ने गुरुवार को बताया कि बुधवार की रात डुमरा थाना क्षेत्र के परमानंदपुर गांव में शिव पार्वती मंदिर के पास शरारती तत्वों ने एक झोपड़ी में आग लगा दी है। इस झोपड़ी में कोई रहता नहीं है। मंदिर के बाहर भगवान गणेश और भगवान कार्तिक की छोटी मूर्तियों को स्थापित स्थान से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि बदमाशों ने आपसी सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से ऐसी घटना को अंजाम दिया है।

# मुजफ्फरपुर जंक्शन पर फर्जी TTE रंगे हाथों गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जंक्शन पर रेल सुरक्षा बल (RPF) ने फर्जी TTE बनकर यात्रियों से ठगी करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी यात्रियों से टिकट चेकिंग के नाम पर पैसे वसूल रहा था। पकड़े जाने पर उसके पास नकली रेलवे आईडी और नकद रुपये बरामद हुए।मुजफ्फरपुर जंक्शन पर रेल सुरक्षा बल (RPF) ने एक फर्जी TTE को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मिठनपुरा थाना क्षेत्र के मोहम्मद रुस्तम कुमार के रूप में हुई है। उसके पास से भारतीय रेलवे का एक नकली पहचान पत्र और 200 रुपये बरामद किए गए हैं, जो यात्रियों से ठगकर वसूले गए थे।



### गिरोह का पर्दाफाश

रेलवे पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि स्टेशन पर एक व्यक्ति TTE के रूप में यात्रियों से पैसे वसूल रहा है। इसके बाद RPF ने जंक्शन पर अभियान चलाया और उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। उसका एक साथी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

### यात्रियों से करते थे ठगी

जानकारी के अनुसार, यह गिरोह लंबे समय से सीतामढ़ी, मोतिहारी, सोनपुर और हाजीपुर समेत कई रेलवे स्टेशनों पर फर्जी TTE बनकर यात्रियों को निशाना बना रहा था। यात्रियों से टिकट चेकिंग के नाम पर पैसे ऐंठे जाते थे। इस संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखते हुए RPF ने कई अधिकारियों को सिविल ड्रेस में तैनात किया था। प्लेटफार्म नंबर 7 और 8 पर जब यह व्यक्ति यात्रियों से पैसे वसूल रहा था, तभी रेल पुलिस ने उसे धर दबोचा। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से इस तरह की गतिविधियों में शामिल था। गिरफ्तार आरोपी के पास से एक मोबाइल, भारतीय रेलवे के नाम का एक नकली आईडी कार्ड, एक पर्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड, सात एटीएम कार्ड और 1500 रुपये नकद बरामद हुए हैं।

### आगे की कार्रवाई

RPF इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने बताया कि इस तरह की धोखाधड़ी को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। यात्रियों से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से सतर्क रहें और ऐसी किसी भी घटना की तुरंत सूचना रेल पुलिस को दें। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और उसके फरार साथी की तलाश जारी है।

# सिवान में एनकाउंटर, अपराधी ने की फायरिंग



**सिवान।** बिहार के सिवान में एक अपराधी को पुलिस ने गोली मारी है। अपराधी ने पुलिस कस्टडी में ही गोली चला दी जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायरिंग की। बिहार के सीवान में पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ हुई है। एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर गांव में छिपाए गए हथियार को जब्त करने पुलिस पहुंची थी। इस दौरान मौका लगते ही अपराधी ने उस हथियार से पुलिस पर फायर कर दिया। जिसके बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की। गोली अपराधी के पैर में लगी। उसे जख्मी हालत में अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार, मामला महाराजगंज थाना क्षेत्र के इन्दौली गांव का है। दरअसल, महाराजगंज थाना क्षेत्र के इंदौली गांव निवासी परमानंद यादव के पुत्र प्रमोद यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस उन हथियारों को खोजते हुए पहुंची थी जिसे प्रमोद यादव ने गांव में छिपाया था। महाराजगंज एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन ने बताया है कि अपराधी प्रमोद यादव को कटवार इंदौली बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया था। उसने पुलिस के सामने कबूला था कि अपने घर में उसने अवैध हथियारों को छिपाकर रखा है। जिसके बाद पुलिस प्रमोद को लेकर उसके गांव पहुंची थी। बताया गया कि जैसे ही वो उस जगह पर पहुंचा उसने भूंसा में छिपाए हुए हथियार को निकाला और पुलिस पर हमला बोल दिया। पुलिसकर्मियों पर उसने फायरिंग कर दी। एसडीपीओ ने बताया कि अपराधी के द्वारा फायरिंग किए जाने पर पुलिस ने भी बचाव में जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की फायरिंग में गोली अपराधी प्रमोद यादव के पैर में लगी।

# ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**जलालपुर।** विकासखंड क्षेत्र मालीपुर में जन शिक्षण केंद्र द्वारा संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण परियोजना के तहत सावित्रीबाई फुले नारी संघ के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मनरेगा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) और पेंशन योजनाओं पर महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में छह ग्राम पंचायतों की 30 नारी संघ अगुआओं ने भाग लिया।



### मनरेगा पर जागरूकता

परियोजना समन्वयक राम स्वरूप ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक परिवार को 100 दिनों का रोजगार पंचायत द्वारा दिया जाता है। काम के लिए लिखित आवेदन आवश्यक होता है। पंचायत द्वारा जॉब कार्ड जारी किया जाता है, जिसके बाद ही कार्य मांग सकते हैं। मजदूरों को रोजगार सेवक से हाजिरी लगवानी जरूरी है, ताकि कार्य दिवसों का सही रिकॉर्ड रखा जा सके।

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) की जानकारी

हेमलता जी ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) की जानकारी दी। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए राशन कार्ड की व्यवस्था की गई है। अंत्योदय कार्डधारकों को 35 किलो राशन तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति सदस्य 5 किलो राशन मिलता है।

### पेंशन योजनाओं की जानकारी

रामहित ने सरकार द्वारा दी जाने वाली वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन योजनाओं के बारे में बताया। पेंशन के लिए आवश्यक दस्तावेज और आवेदन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने रहर हाथ को काम दो, काम के बदले दाम दो, नारी संघ जिंदाबाद, महिला अधिकार जिंदाबादर जैसे नारे लगाए।

### कार्यक्रम में मौजूद प्रमुख लोग

इस अवसर पर सामुदायिक कार्यकर्ता रामहित, पुनीता, शशि, शर्मिला सहित नारी संघ की अगुवा लीडर इंद्रावती, पूनम, रेखा, उर्वशी और अन्य बहनें उपस्थित रहीं।यह प्रशिक्षण महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# TSPC उग्रवादी उपेंद्र भुईयां गिरफ्तार, 652 गोलियां बरामद



**पलामू।** पलामू पुलिस ने तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी के उग्रवादी उपेंद्र भुईयां को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 652 गोलियां बरामद हुईं हैं। पलामू में पुलिस ने तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 600 से अधिक गोलियां बरामद हुईं हैं। उग्रवादी की गिरफ्तारी मनातू थाना क्षेत्र से हुई है। गिरफ्तार किये गये टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य का नाम उपेंद्र भुईयां हैं। उसकी उम्र 26 साल है। उपेंद्र भुईयां की निशानदेही पर पुलिस ने 0।315 बोर की 652 गोलियां बरामद कीं हैं। पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य उपेंद्र भुईयां केदल के रास्ते होकर अपने घर नागद आने वाला है।




# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर, अल्ट्राटेक सीमेंट पांच प्रतिशत टूटा



**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बृहस्पतिवार को दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लगभग स्थिर बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के अंतिम दिन बाजार में उतार-चढ़ाव आया। शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 10.31 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 74,612.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 74,834.09 अंक तक गया और नीचे में 74,520.78 अंक तक आया। इस प्रकार, इसमें 313.31 अंक का उतार-चढ़ाव आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 2.50 अंक यानी 0.01 प्रतिशत फिसलकर 22,545.05 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ निफ्टी में लगातार सातवें सत्र में गिरावट जारी रही।निफ्टी में शामिल शेयरों में 31 नुकसान में जबकि 19 लाभ में रहे।सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, जोमैटो, टाटा स्टील और नेस्ले प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट में सर्वाधिक 4.99 प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी के गुजरात में 1,800 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 'केबल' और तार खंड में प्रवेश की घोषणा के बाद शेयर टूटा।इसके अलावा, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए।छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 2.09 प्रतिशत लुढ़का जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप 0.97 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''पिछले कुछ सप्ताह से हो रही बिकवाली के बीच कारोबारियों ने वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के निपटान के अंतिम दिन सतर्क रुख अपनाया। इससे बाजार स्थिर बंद हुआ।''उन्होंने कहा, ''देश में शेयरों के उच्च मूल्यांकन के कारण विदेशी संस्थागत निवेशक पिछले तीन से पांच महीनों से पैसा निकाल रहे है। इसके साथ शुल्क को लेकर चिंता और रुपये की विनिमय दर में गिरावट से भी निवेशक चिंतित हैं।''

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के निपटान के अंतिम दिन बाजार में सुस्ती रही और लगातार दूसरे दिन दोनों मानक सूचकांक लगभग अपरिवर्तित रहे। निफ्टी में शुरुआत में तेजी थी लेकिन यह कायम नहीं रह पायी और यह स्थिर बंद हुआ।

## नए कारोबार में एंट्री करेगी अल्ट्राटेक




**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने वायर और केबल कारोबार में एंट्री की घोषणा की है। इस ऐलान के बाद कुछ कंपनियों के शेयर में हाहाकार मच गया है। सप्ताह के चौथे दिन गुरुवार को 5 वायर और केबल कंपनियों- पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड, हैवेल्स इंडिया लिमिटेड, केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड, फिनोलेक्स केबल्स लिमिटेड और आरआर काबेल लिमिटेड के शेयरों में बड़ी गिरावट आई। इन शेयरों में गुरुवार, 27 फरवरी को मार्केट कैप में 33000 करोड़ ($3.8 बिलियन) से अधिक का नुकसान हुआ है। गुरुवार को पॉलीकैब और आरआर काबेल के शेयर 19% नीचे बंद हुए जबकि हैवेल्स इंडिया के शेयर 6% नीचे बंद हुए।

# संगठित खुदरा कारोबार 2030 तक 230 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचेगा: रिपोर्ट




**नयी दिल्ली।** भारत में संगठित खुदरा क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और बढ़ती खर्च योग्य आय तथा विकसित होती उपभोक्ता प्राथमिकताओं के कारण 2030 तक इसके 230 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।डेलॉयट-आरएआई की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, देश में संगठित खुदरा कारोबार 10 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ रहा है।

इसमें कहा गया, '' इसके 2030 तक 230 अरब डॉलर तक पहुंचने के आसार हैं।''रिपोर्ट कहती है, भारत के उपभोग को बढ़ाने वाले प्रमुख रुझानों और ताकतों में बढ़ती आय का स्तर, 'जेन जी' (1997 से 2012 के बीच जन्मे लोग) उपभोक्ताओं का उभरता प्रभाव, ऋण तक आसान पहुंच और संगठित खुदरा व्यापार की ओर रुझान शामिल हैं।इसमें कहा गया, '' वित्तीय समावेश देश में खुदरा परिदृश्य को बदल रहा है और संगठित खुदरा क्षेत्र की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव हो रहा है।''

रिपोर्ट के अनुसार, निजी खपत 2013 में 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024 में 2,100 अरब डॉलर हो गई, जो अमेरिका, चीन और जर्मनी की निजी खपत से अधिक है।डेलॉयट इंडिया के भागीदार आनंद रामनाथन ने कहा कि विवेकाधीन खर्च में वृद्धि, डिजिटल कॉमर्स का विस्तार और ऋण तक बढ़ती पहुंच ब्रांड से जुड़ाव के नियमों को पुनः परिभाषित कर रही है।

रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कुमार राजगोपालन ने कहा कि जैसे-जैसे संगठित खुदरा व नए वाणिज्य मॉडल का विस्तार होगा, इन रुझानों के साथ तालमेल बैठाने वाले व्यवसायों के लिए विकास व नवाचार के अपार अवसर खुलेंगे।




# एक अप्रैल से बदल जाएगा म्यूचुअल फंड का यह नियम, सेबी ने जारी किया सर्कुलर

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने एसेट मैनेजमेंट कंपनियों को एक अहम आदेश दिया है। सेबी के आदेश के मुताबिक एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (AMCs) को नई फंड ऑफरिंग (NFO) के जरिए जुटाई गई पूरी रकम को 30 दिनों के भीतर निवेश करना होगा। वर्तमान में रकम के निवेश के लिए कोई समयसीमा नहीं है। यह व्यवस्था एक अप्रैल, 2025 से लागू होगी।

सेबी की ओर से उठाए गए इस कदम का मकसद एसेट मैनेजमेंट कंपनियों को NFO में केवल उतना ही राशि एकत्रित करने के लिए प्रोत्साहित करना है जिनका उचित समय में उपयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही म्यूचुअल फंड के NFO की किसी भी गलत बिक्री को हतोत्साहित करना है। सेबी ने एक सर्कुलर में एसेट मैनेजमेंट कंपनियों को राशि के उपयोग के संबंध में म्यूचुअल फंड से जुड़ी योजना सूचना दस्तावेज (एसआईडी) में समयसीमा का उल्लेख करने और उसके अनुसार NFO के जरिये राशि जुटाने के लिए कहा। किसी आसाधारण परिस्थिति के कारण यदि कंपनियां 30 कारोबारी दिनों में राशि का उपयोग करने में सक्षम नहीं है, तो उसे एसेट मैनेजमेंट कंपनियों की निवेश समिति को फंड उपयोग करने के लिए किए गए प्रयासों के विवरण सहित लिखित रूप में कारण देना होगा। समिति समयसीमा को 30 कार्यदिवस तक बढ़ा सकती है। इसके साथ ही आगे चलकर 30 कार्यदिवस के भीतर उपयोग कैसे सुनिश्चित किया जाए इसपर भी सिफारिशें कर सकती है और इसकी निगरानी भी कर सकती है। यह संशोधन दिसंबर में सेबी निदेशक मंडल द्वारा एक प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद आया है। इसमें फंड मैनेजर्स को NFO के जरिये एकत्र राशि को योजना के तहत निर्धारित एसेट अलॉटमेंट के अनुसार, उपयोग करने को कहा गया था। नियामक ने कहा था कि यदि निर्धारित समयसीमा के भीतर राशि का उपयोग नहीं किया जाता है, तो निवेशकों के पास बिना कोई निकासी शुल्क दिये योजना से बाहर निकलने का विकल्प होगा।

## यूपी में चामरी अटापट्टू की जगह जॉर्जिया वोल



**एजेंसी । नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल महिला प्रीमियर लीग के शेष मैचों के लिए यूपी वॉरियर्स टीम में चामरी अटापट्टू की जगह लेंगी। लीग ने गुरुवार को बयान में यह जानकारी दी। 21 वर्षीय जॉर्जिया उभरती हुई खिलाड़ी हैं और उन्होंने अपने दूसरे ही एकदिवसीय मैच में शतक जड़कर अंतरराष्ट्रीय करियर की शानदार शुरुआत की है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन एकदिवसीय और एक टेस्ट के अलावा तीन टी-20 मैच भी खेले हैं। वह 30 लाख रुपये में वॉरियर्स से जुड़ेंगी। पांच मैच में चार अंक के साथ वॉरियर्स की टीम पांच टीमों की तालिका में चौथे स्थान पर है।

## केविन पीटरसन बने दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर

**एजेंसी । नई दिल्ली**



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को दिल्ली कैपिटल्स का मेंटोर (मार्गदर्शक) नियुक्त किया गया है। वह पहली बार आईपीएल में कोचिंग से जुड़ी भूमिका निभाएंगे। 44 वर्षीय पीटरसन ने 2014 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की थी और 2009 से 2016 तक बतौर खिलाड़ी इस लीग का हिस्सा रहे हैं। अब वह हेमांग बदानी की अगुआई वाली कोचिंग टीम के साथ काम करेंगे।

## अयोग्य खिलाड़ी को उतारने पर चर्चिल के खिलाफ कार्रवाई



**एजेंसी । नई दिल्ली**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की अनुशासन समिति ने चर्चिल ब्रदर्स एफसी को आइजॉल एफसी के खिलाफ आई लीग मैच में अयोग्य खिलाड़ी को उतारने पर 0-3 से मैच गंवाने की सजा सुनाई है। मिजोरम के राजीव गांधी स्टेडियम में 17 फरवरी को खेला गया यह मैच 1-1 से ड्रॉ रहा था। राष्ट्रीय महासंघ ने गुरुवार को बयान में कहा कि समिति ने चर्चिल ब्रदर्स को नियम 6.5.6 और 6.6.6 का उल्लंघन करते हुए पाया है क्योंकि उन्होंने इस मुकाबले में एक अयोग्य खिलाड़ी को मैदान में उतारा था। अनुशासन संहिता के नियम 26 के साथ नियम 57 के अनुसार उक्त मैच के परिणाम को चर्चिल के लिए 0-3 से हार के रूप में देखा जाएगा।

## वाणी ने महिला पीजीटी का चौथा चरण जीता

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



वाणी कपूर ने अंतिम दौर में एक अंडर 69 के स्कोर से गुरुवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के चौथे चरण का खिताब जीत लिया। उनका कुल स्कोर एक ओवर 211 रहा। यह वाणी की 2024 सत्र के 12वें चरण के बाद पहली जीत है। अनुराधा चौधरी ने दो ओवर के कुल स्कोर से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि सानवी सोमू तीन ओवर के स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। स्नेहा सिंह (66) और ऋद्धिमा दिलावरी (67) ने भी संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।

# मुंबई की नजरें दिल्ली से हिसाब चुकता करने पर

- 04 मैच में तीन जीत से छह अंक लेकर मुंबई शीर्ष पर है
- 05 मैच में दिल्ली के भी छह अंक, पर टीम दूसरे स्थान पर

**एजेंसी । बेंगलुरु**

पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम शुक्रवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी। इस मुकाबले में उसकी नजरें पहले चरण में मिली हार का बदला चुकता करने और जीत का क्रम जारी रखने पर टिकी होंगी।



### नजर जीत के चौके पर

अब तक चार मैच में सिर्फ दिल्ली की टीम मुंबई को हराने में सफल रही। अब जब हरनमप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम मैदान पर उतरेगी तो इस हार का बदला चुकता करना चाहेगी। दिल्ली से हार के बाद से मुंबई ने लगातार तीन मैच जीते हैं। अब उसकी नजर जीत का चौका जड़ने पर होगी। मुंबई की ताकत उसकी दमदार बल्लेबाजी है। टीम में शामिल इंग्लैंड की बल्लेबाज नेट शिवर ब्रंट ने चार मैच में 254 रन बनाए हैं जिनमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। कप्तान हरमनप्रीत भी अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने चार मैच में एक अर्धशतक जड़ा है। हेली मैथ्यूज की फॉर्म में वापसी अच्छी खबर है।

### फिर भी चिंता

यस्तिका भाटिया शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं जो चिंता का विषय है। न्यूजीलैंड की अमेलिया केर भी मध्य क्रम में रन बनाने के लिए बेताब होंगी। ब्रंट सिर्फ बल्ले से ही योगदान नहीं दे रही हैं बल्कि उन्होंने पिछले मैच में तीन विकेट चटकाए। शबनीम इस्माइल ने भी नई गेंद से प्रभावी प्रदर्शन किया है जबकि टीम बीच के ओवरों में अमनजोत कौर, मैथ्यूज और केर की ऑलराउंड क्षमताओं पर निर्भर करेगी। दूसरी ओर खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल दिल्ली पिछले मैच में गुजरात जाइंट्स पर जीत से बढ़े आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। बल्लेबाजी क्रम में शेफाली वर्मा (44) और जेस जोनासेन (नाबाद 61) ने फॉर्म में वापसी का संकेत दिया है। हालांकि कप्तान मेग लैनिंग शीर्ष क्रम में संघर्ष कर रही हैं। जेमिमा रोड्रिग्स और अनाबेल सदरलैंड ने मध्य क्रम में कुछ उपयोगी पारियां खेली हैं लेकिन टीम को बल्लेबाजों से ज्यादा उम्मीद होगी। शिखा पांडे, मारिजाने कैप, युवा टिटास साधु, सदरलैंड और मीनु मनी के रूप में दिल्ली कैपिटल्स के पास एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण भी है।

**आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी**

# सर्वाधिक शतक समेत कई रिकॉर्ड टूटे, रन भी जमकर बरसे

**एजेंसी । दुबई**




आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का रोमांच पूरी दुनिया में क्रिकेटप्रेमियों के सिर चढ़कर बोल रहा है। 19 दिन के इस टूर्नामेंट में गुरुवार तक नौ दिन के नौ मुकाबलों में ही कई रिकॉर्ड धराशायी हो गए और लगभग हर मुकाबले में जमकर रन बरसे। अब तक कुल मिलाकर देखा जाए तो बल्लेबाजों का ही बोलबाला रहा है। हाल यह है कि अभी तक पूरे हुए सात मैच में पांच पारियों में 300 से ज्यादा रन बने। अभी टूर्नामेंट में सेमीफाइनल और फाइनल समेत सात और मैच खेले जाने हैं।

### 356/5 रन टूर्नामेंट के इतिहास में किसी टीम का सर्वाधिक स्कोर

356/5 रन टूर्नामेंट के इतिहास में किसी टीम का सर्वाधिक स्कोर है जो ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ बनाया। कंगारू टीम ने एक साथ दो रिकॉर्ड तोड़े। उसने इस स्कोर से इंग्लैंड का इसी मैच में टूर्नामेंट के सर्वाधिक स्कोर (351/8) रिकॉर्ड भी तोड़ा और सर्वाधिक लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड भी ध्वस्त कर दिया। 707/13 रन ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड के मैच में बने जो टूर्नामेंट इतिहास में किसी एक मुकाबले का सर्वाधिक कुल स्कोर है। 77 गेंदों में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज जोश इंगलिस ने इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाया जो टूर्नामेंट इतिहास का सबसे तेज शतक है। 05 विकेट लेने के साथ 41 रन बनाए, अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच में। वह सचिन तेंदुलकर के बाद (बनाम ऑस्ट्रेलिया, 1998) किसी मैच में चार या ज्यादा विकेट लेने के साथ 40 या ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे क्रिकेटर बन गए हैं।

### 11 सर्वाधिक शतक का रिकॉर्ड

इस सत्र में अब तक 11 शतक लग चुके हैं जो टूर्नामेंट के एक सत्र में सर्वाधिक हैं। इससे पहले 10 शतक का रिकॉर्ड था जो 2002 और 2017 के संस्करण में लगे थे। 177 रन अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान ने इंग्लैंड के खिलाफ बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने इंग्लैंड के ही बेन डकेट के 165 रन का रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने इसी सत्र में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में बनाए थे। बेन ने भी कीवी बल्लेबाज नाथन एस्टल का रिकॉर्ड तोड़ा था जिन्होंने 2004 में अमेरिका के खिलाफ 145 नाबाद रन बनाए थे। 01 जादरान इसके साथ ही इस टूर्नामेंट में शतक लगाने वाले अफगानिस्तान के पहले बल्लेबाज भी बन गए।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरी टीम के लिए बनाई है योजना: शाहिदी



**एजेंसी । लाहौर**

अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने कहा है कि उनकी टीम ने सिर्फ ग्लेन मैक्सवेल के लिए नहीं, बल्कि पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ रणनीति बनाई है। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड पर आठ रन से यादगार जीत दर्ज की थी, जिसके बाद अब सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए उसे शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को हराना होगा। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में शाहिदी ने कहा, 'क्या आपको लगता है कि हम सिर्फ मैक्सवेल के खिलाफ खेलने आए हैं? हमने पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए योजना बनाई है।' शाहिदी ने 2023 विश्व कप में मैक्सवेल की ऐतिहासिक 201 रनों की पारी को याद करते हुए कहा कि वह अब इतिहास बन चुका है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि अफगानिस्तान ने बाद में टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया को हराया था। सेमीफाइनल की संभावनाओं पर शाहिदी ने कहा, 'हम फालतू दबाव नहीं लेंगे, बल्कि मैदान पर उतरकर अपनी योजना को लागू करने की कोशिश करेंगे।'

# कप्तानी छोड़ सकते हैं जोस बटलर

- अफगानिस्तान के खिलाफ मिली हार के बाद दिए संकेत

**एजेंसी । लंदन**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 8वें मुकाबले में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हरा दिया। इस हार के साथ इंग्लैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गई। पहले मुकाबले में टीम को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ हार मिली थी। हार के बाद जोस बटलर की कप्तानी पर काफी सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में उन्होंने इसको लेकर कहा कि वह अपनी कप्तानी के बारे में कोई भावनात्मक बयान नहीं देना चाहेंगे। हालांकि, सभी संभावनाएं सामने हैं।



### बटलर ने क्या कहा?

बटलर ने मैच के बाद इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान के रूप में अपने भविष्य पर कहा, 'मैं अभी कोई भावनात्मक बयान नहीं दूंगा, लेकिन मुझे लगता है कि अपने और शीर्ष पर मौजूद अन्य खिलाड़ियों के लिए हमें सभी संभावनाओं पर विचार करना चाहिए।' 2023 के वनडे विश्व कप में भी अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को 69 रनों से हराया था। उस टुर्नामेंट में भी बटलर कप्तान थे और उनकी टीम ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी।

### यह शानदार मैच था : बटलर

बटलर ने आगे कहा, 'यह वास्तव में निराशाजनक है। मुझे लगा कि हमारे पास मैच में मौके थे, लेकिन हम उन मौकों को भुना नहीं पाए। यह क्रिकेट का एक और शानदार मैच था। हालांकि, हारना निराशाजनक है।' बटलर की टीम 48वें ओवर तक मैच में थी। वहीं उन्होंने ऑलराउंडर जेमी ओवरटन का विकेट खो दिया जो आखिरी ओवरों में शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। बटलर ने मैच में 42 गेंदों का सामना किया और 38 रन बनाकर आउट हुए।

**प्राग मास्टर्स शतरंज**

## प्रज्ञाननंदा और नवारा के बीच ड्रॉ



**एजेंसी । प्राग**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञाननंदा ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में चेक गणराज्य के दिग्गज डेविड नवारा से बाजी ड्रॉ खेली। वहीं, अरविंद चिदंबरम ने भी स्थानीय खिलाड़ी एनगुएन थाइ डेइ वान के साथ अंक साझा किए। इस टूर्नामेंट में विश्व चैंपियनशिप के दौरान डी. गुकेश की टीम का हिस्सा रहे जर्मनी के विन्सेंट केमर ने पहला बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने चीन के शीर्ष वरीय वेई यी को हराकर सभी को चौंका दिया। अमेरिका के सैम शेंकलैंड भी जीत हासिल करने में सफल रहे। उन्होंने तुर्की के गुरेल एडिस को मात दी। अन्य मुकाबलों में वियतनाम के कुआंग लिएम ली और नीदरलैंड के अनीष गिरी की बाजी ड्रॉ रही।

**मुंबई के मैदानों से**

## आरबीआई विजयी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

कुणाल शिर्के द्वारा किए गए हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की टीम ने 14वें इंश्योरेन्श शील्ड टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दौर के मैच में मुंबई पोर्ट ट्रस्ट की टीम को 79 रनों के भारी अंतर से पराजित किया। कुणाल शिर्के की नाबाद 91 रनों की पारी ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्धारित 20 ओवरों में बनाए गए 218 रनों में मुख्य भूमिका निभाई। महेश मीणा ने 61 रनों की पारी खेलते हुए कुणाल को अच्छा सहयोग दिया। जैसा कि स्कोर से लग रहा था कि मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के बल्लेबाजों के समक्ष यह एक बड़ी चुनौती साबित होगी, वैसा ही हुआ और मुंबई पोर्ट ट्रस्ट की पूरी टीम 17.5 ओवर में 138 रनों के स्कोर से आगे नहीं बढ़ सकी। पहली पारी में अपने बल्ले से धूम मचाने वाले कुणाल शिर्के ने गेंदबाजी के दौरान भी 37 रन देते हुए तीन खिलाड़ियों को अपनी गेंद का शिकार बनाया। एक अन्य मैच में ग्रुप सेटेलाईट स्पोर्ट्स क्लब ने बेस्ट ऑर्ट्स एंड स्पोर्ट्स क्लब को 90 रनों से हराया।

## सायरस आगा की संघर्षपूर्ण जीत

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

सायरस आगा ने निर्णायक पांचवें फ्रेम में जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया और क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया स्थित विल्सन जोन्स बिलियर्ड्स हॉल में खेले जा रहे सीसीआई स्नूकर क्लासिक 2025 के क्वालीफाइंग मुकाबले में आशीष गोरे को 56-40, 67-43, 68-83, 52-59, 65-21 से हराया। अन्य मैचों में चेतन मुलानी ने विजय लिल्वा को 60-17, 45-5, 63-28 से अर्शद टर्की ने बृजेश नानावटी को 35-43, 50-10, 55-45, 88-29 से, संतोश आबन्वे ने लाविण लेखराज को 72-30, 67-23, 39-56, 59-54 से और मुस्ताक खान ने दानिश खान को 38-60, 81-1, 51-14, 69-17 से हराते हुए प्रतियोगिता में आगे कूच किया।

# शूटिंग पर लौटे शिवा राजकुमार

साउथ सुपरस्टार शिवा राजकुमार ने हाल ही में कैंसर से अपनी लड़ाई और कीमोथेरेपी के दौरान फिल्मांकन के दौरान सामना किए गए संघर्षों के बारे में बात की। जब अभिनेता को कैंसर का पता चला था तो उन्हें सर्जरी के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के मियामी कैंसर संस्थान में भर्ती कराया गया था। अभिनेता एक सफल प्रक्रिया से गुजरे और अब वह अपनी आगामी फिल्मों के सेट पर लौटने के लिए तैयार हैं।



### अपनी स्थिति को लेकर डरे हुए थे अभिनेता

हाल ही में शिवा राजकुमार ने बताया कि कैसे उन्होंने कीमोथेरेपी के दौरान काम करना जारी रखा। उन्होंने कहा, 'जब मुझे पता चला तो मैं डर गया, जैसा कि कोई भी होगा। डर का कारक हमेशा होता है, लेकिन सवाल यह था कि इसके बारे में क्या किया जा सकता है? आपको इसका सामना करना होगा। मैंने केवल एक ही सवाल पूछा कि क्या मैं यह प्रोजेक्ट '45 द मूवी' पूरा कर सकता हूं।' उन्होंने आगे बताया, 'मैं 'डांस कर्नाटक डांस' में जज भी था और अगर मैं कीमो लेता तो मेरे बाल झड़ जाते। मैं थोड़ा चिंतित था।' उन्होंने बताया कि डॉक्टरों ने उन्हें जल्द ही थेरेपी शुरू करने की सलाह दी, लेकिन उन्हें प्रोत्साहित किया और कहा कि वे आवश्यक उपचार के दौरान काम करना जारी रख सकते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या कीमोथेरेपी के दौरान एक्शन सीन्स की शूटिंग के दौरान उन्हें दर्द का अनुभव हुआ तो शिवा राजकुमार ने कहा, 'मैं थका हुआ रहता था। मैं कीमो सेशन के दो दिन बाद ही शूटिंग के लिए जाता था। जब आप 45 का क्लाइमेक्स देखेंगे तो आप चौंक जाएंगे, यह सोचकर कि शिवन्ना ने ऐसा कैसे किया?

# 'कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे'

## 'सिकंदर' का टीजर रिलीज

सलमान खान की आगामी फिल्म 'सिकंदर' का दर्शक सांसे थामकर इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म को रिलीज होने में तो अभी वक्त है, क्योंकि फिल्म तो ईद पर रिलीज होगी। लेकिन आज गुरुवार को फैंस को एक तोहफा जरूर मिल गया है। 'सिकंदर' का टीजर जारी हो चुका है।



### पुराने एक्शन अवतार में भाईजान

सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से टीजर शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'जो दिलों पर करता है राज, वो आज कहलता है सिकंदर'। टीजर की शुरुआत में सलमान खान की आवाज आती है, 'दादी ने नाम सिकंदर रखा था। दादा ने संजय और प्रजा ने राजा साहब'। इसके बाद दूसरी आवाज आती है, 'अपने आप को बहुत बड़ा सिकंदर समझता है। इंसाफ दिलाएगा तू'? सलमान कहते हैं, 'इंसाफ नहीं, हिसाब करने आया हूं।

### टिपिकल गर्लफ्रेंड स्टाइल में दिखीं रश्मिका

टीजर में सलमान खान एक्शन करते दिखे हैं। अपने चिर-परिचित अंदाज में दुश्मनों के छक्के छुड़ाते दिखे हैं, जैसे कि हमेशा परदे पर नजर आते हैं। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी। पूरे टीजर में दो से तीन बार रश्मिका की झलक है। वे एकदम टिपिकल हीरोइन वाले अंदाज में हैं। सिर्फ एक जगह वह बोलती दिखी हैं। सलमान से पूछती हैं, 'तुम्हारे दुश्मनों में तुम कितने पॉपुलर हो'। हालांकि, पिछली फिल्मों में लगातार पत्नी वाले रोल में साड़ी पहने दिखने वाली रश्मिका का लुक इस बार जरा हटकर दिखा है। किरदार की पूरी तस्वीर तो फिल्म में ही साफ हो पाएगी।

# रजनीकांत की 'कुली' में पूजा हेगड़े की एंट्री



रजनीकांत की आगामी फिल्म है 'कुली'। लोकेश कनगराज इसका निर्देशन कर रहे हैं। एलान के बाद से ही यह फिल्म काफी चर्चा में है। अब इसकी स्टारकास्ट में एक चर्चित साउथ अभिनेत्री का नाम जुड़ गया है। वह अभिनेत्री हैं पूजा हेगड़े। फिल्म 'कुली' में पूजा हेगड़े की एंट्री की जानकारी मेकर्स ने दी है। बाकायदा उनकी पहली झलक भी साझा की गई है।

### मेकर्स ने जारी किया पोस्टर

इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभालने के साथ-साथ लोकेश कनगराज ने फिल्म की कहानी भी लिखी है। इस फिल्म में नागार्जुन, सत्यराज, श्रुति हासन और सौबिन शाहिर जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। अब 'कुली' में अभिनेत्री पूजा हेगड़े की एंट्री हो गई है। मेकर्स ने पोस्टर जारी करते हुए टीम में पूजा हेगड़े का स्वागत किया है। साथ में लिखा है, 'हां, आपने सही अनुमान लगाया। 'कुली' के सेट से पूजा हेगड़े।'



### इस साल रिलीज होगी फिल्म

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस फिल्म में बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान भी नजर आएंगे। फिल्म में उनका कैमियो होने की खबर है। इससे पहले खबर आई थी कि शाहरुख खान या रणवीर सिंह 'कुली' में एक खास भूमिका निभाएंगे, लेकिन ऐसी खबरें अफवाह ही साबित हुईं। फिल्म 'कुली' इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### श्रीलंका में गिरफ्तार किए गए 25 भारतीय मछुआरे चेन्नई लौटे

**चेन्नई।** श्रीलंका में गिरफ्तार किए गए 25 भारतीय मछुआरों का एक समूह बृहस्पतिवार को चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा, जिसके बाद उन्हें उनके घरों को भेज दिया गया। इन मछुआरों को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार किया था। बता दें कि पिछले जनवरी से श्रीलंकाई नौसेना ने 131 तमिलनाडु के मछुआरों को गिरफ्तार किया है। मछुआरों के संघ ने बीते सोमवार को मछुआरों को रिहाई के लिए एक आपातकालीन बैठक की थी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भारतीय मछुआरों को पकड़े जाने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वह केंद्र से इस मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने के लिए एक संयुक्त कार्य समूह (जेडब्लूजी) गठित करने का आग्रह करेंगे।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर जब्त हुआ 1.3 करोड़ का सोना

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक तस्कर को अरेस्ट किया गया। उसके पास 1.3 करोड़ रुपये का सोना बरामद हुआ। आरोपी को 24 फरवरी को सऊदी अरब के शहर जेद्दा से कुवैत होते हुए आने पर रोका गया था। आरोपी ने बड़े ही शातिराना अंदाज में सोने को छुपा रखा था, लेकिन वह अधिकारियों की नजर में आ गया और तस्करी वाला सोना जब्त हो गया। सीमा शुल्क विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की गई पोस्ट में बताया कि हम आरोपी को संदेह होने के बाद एक्स-रे जांच के लिए ले जाने लगे तो जांच में पता चला कि उसके पास सोना है। इसके बाद गहन तलाशी और सामान की जांच के बाद रासायनिक पेस्ट के रूप में छुपाया गया सोना बरामद हुआ। सोने का पेस्ट सफेद चिपकने वाले टेप में लिपटे एक थैले में छिपाया गया था। यात्री ने इसे अंडरवियर और उसके सामान के अंदर रखे मोजों में छिपाया हुआ था।

### 1984 सिख दंगा : कोर्ट ने टाइटलर के खिलाफ गवाह का बयान किया दर्ज

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू अदालत ने गुरुवार को कांग्रेस के पूर्व सांसद जगदीश टाइटलर के खिलाफ 1984 के सिख विरोधी दंगों के एक मामले में अभियोजन पक्ष के गवाह का बयान दर्ज किया। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह की अदालत ने अभियोजन पक्ष के गवाह के तौर पर केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) के उप-निदेशक (फोटो डिवीजन) एस इंगरसल की गवाही दर्ज की। बचाव पक्ष के वकील अनिल कुमार शर्मा और अनुज शर्मा ने उनसे जिरह की। इंगरसल ने गवाही दी कि उन्होंने पांच वीडियो वाली एक सीडी की जांच की। जांच में सीडी में मौजूद वीडियो में कोई एडिटिंग नहीं पाई गई। अदालत की अनुमति से, गवाह द्वारा आडियो और वीडियो फुटेज की पहचान के लिए सीडी खोली गई और अदालत में चलाई गई। अदालत ने मामले में जिरह के लिए सात मार्च का दिन तय किया है।

# वक्फ बिल में 14 बदलावों को केंद्र की मंजूरी

### 10 मार्च से होने वाले संसद सत्र में लाना संभव, विपक्ष विरोध जता चुका




**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनेट की रजामंदी मिल गई थी। संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (JPC) की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर JPC की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद संसद में हंगामा भी हुआ था।

### 27 जनवरी को ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी

27 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही JPC ने ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। JPC की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी। भाजपा की अगुआई में NDA सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। अगस्त 2024 में वक्फ बिल को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद इसे JPC के पास भेजा गया था।

### वक्फ बिल पर JPC की रिपोर्ट पर संसद में हुआ था हंगामा

13 फरवरी को राज्यसभा में BJP सांसद मेधा कुलकर्णी ने तो लोकसभा में JPC चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस रिपोर्ट को पेश किया। इसे लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने आपत्ति जताई। इनका आरोप है कि JPC रिपोर्ट में उनकी असहमतियों को शामिल नहीं किया।

### विपक्ष का सवाल- JPC रिपोर्ट से हमारी असहमतियों को हटाया गया

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था JPC की यह रिपोर्ट फर्जी है। इसमें विपक्ष की असहमतियों को डिलीट कर दिया गया। ये असंवैधानिक है। AAP सांसद संजय सिंह ने कहा, 'हमने अपना पक्ष रखा। इससे सहमत या असहमत हो सकते हैं।

## कैंसरकारी इडली

# इडली से हो सकता है कैंसर

### ● हेल्थ डिपार्टमेंट की जांच में हुआ खुलासा

**एजेंसी । बेंगलुरु**

न जाने हम सभी ने कितनी बार इडली खाई होगी। साउथ इंडियन फूड इडली को कभी भी आदमी खा सकता है, फिर चाहे उसे ज्यादा भूख लगी हो या कम। इडली और डोसा तो साउथ इंडिया में ब्रेकफास्ट का काफी अच्छा खाना माना जाता है, लेकिन अब इडली को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल, कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया है कि कुछ रेस्त्रां और सेलर्स द्वारा तैयार की गई इडली को खाने से कैंसर भी हो सकता है। इससे न सिर्फ बेंगलुरु के लोग, बल्कि देशभर की जनता सतर्क हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु में हेल्थ डिपार्टमेंट ने एक जांच की है, जिसमें यह पता चला है कि कुछ होटल्स, स्ट्रीट वेंडर्स की बनाई गई इडली कितनी जानलेवा है। इसमें स्ट्रीट वेंडर्स और होटल्स के यहां से सैंपल्स लिए गए थे।



### इडली बनाते समय प्लास्टिक के इस्तेमाल पर लगाया बैन

कर्नाटक सरकार ने सभी होटलों में इडली बनाने में प्लास्टिक के उपयोग पर बैन लगा दिया है। स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने गुरुवार को बताया- राज्य में इडली के करीब 250 अलग-अलग नमूनों की जांच की गई। इसमें पाया गया कि इडली बनाते समय पारंपरिक कपड़े की जगह प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जा रहा था। फूड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट ने राज्य में 52 होटल में इडली बनाने के लिए पॉलिथीन शीट का इस्तेमाल होते हुए पाया था।

### 35 नमूनों में कैंसरकारी रसायन पाए गए

अधिकारियों ने होटलों और सड़क किनारे की दुकानों से करीब 500 सैंपल्स इकट्ठे किए। प्रयोगशाला जांच में पता चला कि इनमें से 35 नमूनों में कैंसरकारी रसायन पाए गए, जो लोगों में कैंसर का कारण बन सकते हैं। अधिकारी अभी भी सैकड़ों अन्य सैंपल्स के रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। जब इसकी वजह जानने के लिए अधिकारियों ने होटल्स और स्ट्रीट वेंडर्स के पास गए तो पता चला कि पहले इडली के घोल को सूती कपड़ों पर रखा जाता था, जिसे भाप में पकाने से पहले इडली ट्रे पर रखते हैं। लेकिन अब होटलों ने सूती कपड़े की जगह प्लास्टिक का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया।

# आयकर विधेयक की जांच शुरू

### छह और सात मार्च को बैठक करेगी संसदीय सेलेक्ट समिति




**एजेंसी । नई दिल्ली**

संसद के बजट सत्र में पेश किए गए नए आयकर विधेयक की जांच संसदीय सेलेक्ट समिति ने शुरू कर दी है। समिति ने छह और सात मार्च को बैठक बुलाई है। इस दौरान समिति को विभिन्न औद्योगिक और वित्तीय संगठनों के प्रतिनिधि विधेयक को लेकर सुझाव देंगे। समिति ने 6 मार्च 2025 को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के प्रतिनिधियों और अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) के प्रतिनिधियों को मौखिक सुझाव दर्ज कराने के लिए बुलाया है। वहीं सात मार्च 2025 को फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI) के प्रतिनिधि और भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के प्रतिनिधि समिति के समक्ष अपने सुझाव रखेंगे।

### बैजयंत पांडा हैं समिति के अध्यक्ष

नए आयकर बिल के प्रावधान और कानून में होने वाले बदलावों की जांच करने वाली समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद बैजयंत पांडा हैं। इसके अलावा समिति में डॉ. निशिकांत दुबे, जगदीश शेट्टर, सुधीर गुप्ता, अनिल बलूनी, राजू बिस्टा, एटाला राजेंद्र, विष्णु दयाल राम, मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल, पीपी चौधरी, शशांक मणि, भर्तहरि मेहताब, नवीन जिंदल, अनुराग शर्मा, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, बेनी बेहनन, विजय कुमार उर्फ विजय वसंथ, डॉ. अमर सिंह, वकील गोवाल के पाडवी, मोहम्मद रकीबुल हुसैन, लालजी वर्मा, वकील प्रिया सरोज, महुआ मोइत्रा, डॉ. कलानिधि वीरस्वामी, डग्गुमल्ला प्रसाद राव, कौशलेंद्र कुमार, अरविंद गनपत सावंत, सुप्रिया सुले, रविंद्र दत्ताराम वैकर, एनके प्रेमचंद्रन, वी. रिचर्ड शामिल हैं।

## सीपीआई नेता का निधन

**एजेंसी । कोच्चि**



वरिष्ठ सीपीआई नेता और केरल के पूर्व विधायक पी राजू का गुरुवार को कोच्चि एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि वह कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनके पार्थिव शरीर को अस्पताल में रखा गया है और बाद में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। पार्टी की राज्य परिषद के सदस्य राजू कई वर्षों तक एर्नाकुलम जिला सचिव के रूप में कार्यरत थे। 18 जुलाई, 1951 को विधायक रहे एन सिवन पिल्लई और सी चेल्लम्मा के घर जन्मे राजू ने पार्टी में कई पदों पर काम किया। वह 1991-1996 के दौरान उत्तरी परवूर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक थे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि उन्होंने केरल विधानसभा अनुमान समिति (1998-2001) के अध्यक्ष, एआईवाईएफ एर्नाकुलम जिला समिति के अध्यक्ष, सीयूएसएटी सीनेट के सदस्य और एआईटीयूसी केरल राज्य परिषद के उपाध्यक्ष के रूप में भी काम किया।

# हिंदी ने 25 भाषाओं को खत्म किया : तमिलनाडु सीएम

**एजेंसी । चेन्नई**

तमिलनाडु के CM एमके स्टालिन ने गुरुवार को कहा कि जबरन हिंदी थोपने से 100 सालों में 25 नॉर्थ इंडियन भाषाएं खत्म हो गईं। स्टालिन ने गुरुवार को X पर पोस्ट करते हुए कहा- एक अखंड हिंदी पहचान की कोशिश प्राचीन भाषाओं को खत्म कर रही है। उत्तर प्रदेश और बिहार कभी भी हिंदी क्षेत्र नहीं थे। अब उनकी असली भाषाएं अतीत की निशानी बन गई है।



### हिंदी मुखौटा और संस्कृत छुपा हुआ चेहरा

स्टालिन ने कहा कि हिंदी थोपने का विरोध किया जाएगा क्योंकि हिंदी मुखौटा और संस्कृत छुपा हुआ चेहरा है। द्रविड़ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सीएन अन्नादुरई ने दशकों पहले दो भाषा नीति लागू की थी। इसका मकसद यह था कि तमिल लोगों पर हिंदी-संस्कृत की आर्य संस्कृति को न थोपा जाए।

### 'यूपी-बिहार कभी हिंदी क्षेत्र नहीं थे'

स्टालिन ने लिखा- दूसरे राज्यों के मेरे प्रिय बहनों और भाइयों, क्या आपने कभी सोचा है कि हिंदी ने कितनी भारतीय भाषाओं को निगल लिया है? भोजपुरी, मैथिली, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही, मारवाड़ी, मालवी, छत्तीसगढ़ी, संथाली, अंगिका, हो, खरिया, खोरठा, कुरमाली, कुरुख, मुंडारी, और कई सारी भाषाएं अब अस्तित्व के लिए हांफ रहे हैं। वहीं बीजेपी ने स्टालिन के बयान को मूर्खतापूर्ण बताया।

# मणिपुर में लोगों ने सौंपे 104 हथियार

**एजेंसी । इंफाल**



मणिपुर में पुलिस और सुरक्षाबलों से लूटे गए हथियारों को लौटाने का सिलसिला जारी है। बीते दो दिनों में सात से अधिक जिलों में कुल 135 हथियार सुरक्षाबलों को लौटाए गए हैं। मंगलवार को 87 और बुधवार को 48 हथियार सौंपे गए, जिनमें आईईडी, एके-47, कार्बाइन मशीन गन और इंसास राइफलें जैसी घातक बंदूकें शामिल हैं। लूटे गए हथियार जिरिबाम, इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, चुराचंदपुर और कांगपोकपी जिलों से लौटाए जा रहे हैं।

### सरकार की चेतावनी और अपील

राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने 20 फरवरी को हिंसा प्रभावित इलाकों के सभी समुदायों से एक सप्ताह के भीतर लूटे गए हथियार लौटाने की अपील की थी। इसके बाद, मुख्य सचिव पीके सिंह ने चेतावनी दी थी कि आदेश का पालन नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कॉलेजों में छात्रों के साथ भेदभाव करना पड़ेगा 'महंगा'

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ओडिशा में नेपाली छात्रों के साथ भेदभाव की घटना के बाद सक्रिय हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने छात्रों के साथ जाति, भाषा, लिंग, क्षेत्र व धर्म आदि के आधार पर होने वाले भेदभाव को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए है। भेदभाव की घटनाएं अब उच्च शिक्षण संस्थानों को भारी पड़ेगी। उन्हें डिग्री कार्यक्रमों के संचालन सहित वित्तीय मदद और यूजीसी की योजनाओं आदि से प्रतिबंधित किया जा सकता है। यूजीसी ने छात्रों के साथ ही भेदभाव का घटनाओं को रोकने के लिए जो मसौदा जारी किया है, उसमें देश भर के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को अपने यहां एक समान अवसर केंद्र स्थापित करने होंगे।

### यूजीसी ने उठाए कड़े कदम




### क्या काम करेगी कमेटी?

यह कमेटी समान अवसर केंद्र के जरिए संस्थान में समानता के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए काम करेगी। इसके साथ प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान को एक समानता दस्ता भी गठित करना होगा। जो संस्थान में लगातार घूमता-फिरता रहेगा। और छात्रों के भेदभाव की किसी तरह की घटना पर नजर रखेगा।

### छात्रों के बीच समानता को बढ़ावा देने पर जोर

यूजीसी ने मसौदे को लेकर छात्रों, अभिभावकों व संस्थानों से राय देने को कहा है। मसौदे के मुताबिक छात्रों के बीच समानता को बनाए रखने के लिए संस्थान के प्रत्येक यूनिट, विभाग, छात्रावास व पुस्तकालयों आदि में भी एक समानता दूत की तैनाती देगा। जो छात्रों के बीच लगातार समानता को बढ़ावा देने का काम करेगा।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने किया 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का दौरा




**एजेंसी । गांधीनगर**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नर्मदा जिले के एकता नगर में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का दौरा दिया। इस दौरान उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और पूजा (प्रतिमा के आधार पर एक अर्पण) की। गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी। मुर्मू के साथ राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मंत्री जगदीश विश्वकर्मा और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे, जिन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा की भव्यता की प्रशंसा की। इस यात्रा ने सरदार पटेल की एकता, अखंडता और अटूट दृढ़ संकल्प की विरासत का गहरा अनुभव प्रदान किया।

# निलंबन के खिलाफ आप विधायकों का 6 घंटे प्रदर्शन

### ● विपक्ष के बगैर मोहन बिष्ट डिप्टी स्पीकर चुने गए

**एजेंसी । नई दिल्ली**




दिल्ली विधानसभा के बाहर गुरुवार को आम आदमी पार्टी (AAP) के 22 विधायकों ने 6 घंटे से ज्यादा प्रदर्शन किया। ये सदन से निलंबन का विरोध कर रहे थे। दरअसल, 25 फरवरी को एलजी के अभिभाषण के दौरान AAP विधायकों ने नारेबाजी की। इसके बाद स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने 22 विधायकों में से 21 को 3 दिन के लिए निलंबित कर दिया था। नेता विपक्ष आतिशी ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार विधायकों को विधानसभा जाने से रोका जा रहा है। आज का दिन लोकतंत्र के इतिहास का काला दिन के रूप में जाना जाएगा। AAP ने यह मुद्दा राष्ट्रपति के सामने उठाने के लिए कल मिलने का समय मांगा है। सदन के अंदर विपक्ष के बगैर भाजपा ने 6 बार के विधायक मोहन सिंह बिष्ट को विधानसभा का डिप्टी स्पीकर चुना। CM रेखा गुप्ता ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा।

# मार्च में रिकॉर्ड तोड़ @40 डिग्री होगी गर्मी

### ● दिल्ली में टूटा 74 साल का रिकॉर्ड

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत मौसम विज्ञान विभाग के दो अधिकारियों ने अगले महीने यानी मार्च में असामान्य और रिकॉर्डतोड़ गर्मी होने की चेतावनी दी है। रॉयटर्स से बातचीत में अधिकारियों ने कहा कि अगले महीने देश के कई हिस्सों में पारा 40 डिग्री को पार कर सकता है, जो इस महीने के लिए असामान्य बात है। यानी अगला महीना इस साल असामान्य रूप से गर्म होने वाला है। नाम न छापने की शर्त पर उन अधिकारियों ने एजेंसी से कहा कि मार्च महीना रिकॉर्ड गर्मी के मौसम में प्रवेश करने के लिए तैयार है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी है कि मार्च में अत्यधिक तापमान बढ़ने से गेहूं के फसल को बड़े पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ सकता है। मार्च महीने में लंबे समय तक औसत से अधिक तापमान रहने पर गेहूं की फसल की पैदावार में कमी आने की आशंका है। भारत, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक देश है लेकिन पिछले तीन साल से यानी 2022 से लगातार गेहूं की पैदावार कम हो रही है। लिहाजा, भारत महंगे गेहूं के आयात से बचने के लिए 2025 में बंपर फसल की उम्मीद कर रहा है।

## आईएमडी की बड़ी चेतावनी




### 40 डिग्री सेल्सियस पार कर सकता है तापमान

IMD के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को जारी होने वाले विभाग के आधिकारिक पूर्वानुमान से पहले नाम न बताने की शर्त पर रॉयटर्स को बताया, ₹इस साल मार्च असामान्य रूप से गर्म रहने की संभावना है,और दिन एवं रात दोनों का तापमान महीने के अधिकांश समय सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद है।₹ अधिकारी ने बताया कि मार्च के दूसरे सप्ताह से दिन के तापमान में बढ़ोत्तरी होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि मार्च के आखिरी हफ्ते तक देश के कई राज्यों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर जा सकता है। बकौल अधिकारी इस दौरान न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान दोनों औसत से ज्यादा रह सकता है।

### गेहूं की पैदावार को भारी नुकसान

अधिकारी ने बताया कि तापमान में होने वाली बढ़ोत्तरी साल 2022 के पैटर्न की याद दिला रहा है, जब फरवरी और मार्च में अचानक आई भीषण गर्मी की वजह से गेहूं की फसल को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा था, जिसके कारण गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाना पड़ा था ताकि देश में गेहूं की कीमतें न बढ़ सके और लोगों को रोटी के लिए न तरसना पड़े। एक एन्य मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि उत्तर और मध्य भारत के राज्यों जो गेहूं उत्पादन के लिए जाने जाते हैं, वहां मार्च के मध्य तक तापमान में सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस अधिक की बढ़ोत्तरी हो सकती है। मार्च का महीना गेहूं, चना, दलहन और तेलहन के लिए जाना जाता है, जो अक्टूबर वनंबर में बोया जाता है और मार्च में काटा जाता है। इस बीच, मौसम विभाग ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तापमान ने 74 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और फरवरी में अब तक की सबसे गर्म रात दर्ज की गई है।